# बिना नक्शा पास खड़ा कर लिया बारातघर, बीडीए ने जड़ी सील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में अवैध निर्माणों पर अब बीडीए का शिकंजा और कसता जा रहा है। पीलीभीत बाईपास रोड स्थित बिना नक्शा पास कर बनाए गए 'रमा पैलेस' बारातघर पर बुधवार को बीडीए ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सील जड़ दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में खलबली मच गई और अन्य अवैध निर्माण करने वालों में दहशत फैल गई।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन के मुताबिक थाना इज्जतनगर क्षेत्र के ग्राम तुलाशेरपुर में रमा गंगवार द्वारा करीब 670 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रमा पैलेस नाम से बारातघर संचालित किया जा रहा था। जांच में साफ हुआ कि यह निर्माण बिना बीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए ही खड़ा कर दिया गया, जो पूरी तरह अवैध है। बुधवार को बीडीए की प्रवर्तन टीम अचानक मौके पर पहुंची और बिना देरी किए पूरे परिसर को सील कर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक अभियंता गजेन्द्र शर्मा ने किया, जबकि अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी समेत पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। सीलिंग के दौरान भारी भीड़ भी जमा हो गई और लोग कार्रवाई को देखते रह गए।

यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की संबंधित धाराओं के तहत की गई है। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि बिना स्वीकृति के किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। शहर में जहां भी अवैध निर्माण मिलेंगे, वहां सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बीडीए ने आम लोगों को भी चेताया है कि कोई भी संपत्ति खरीदने से पहले उसका मानचित्र स्वीकृत है या नहीं, इसकी पूरी जांच जरूर कर लें। बिना अनुमति वाली संपत्ति खरीदना भविष्य में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता गजेन्द्र शर्मा, अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी सहित बीडीए की प्रवर्तन टीम मौके पर मौजूद रही और पूरे परिसर को सील कर दिया गया।

# माटीकला योजना: योगी सरकार कुम्हारों को देगी रोजगार

## युवाओं को 10 लाख तक लोन पर 25 प्रतिदशत मिलेगा अनुदान, ऑनलाइन आवेदन शुरू, कुम्हार-कारीगरों के लिए बड़ा मौका

- घर बैठे खड़ा करें खुद का उद्योग, फैक्ट्री लगा सकते हैं युवा शिल्पी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत कुम्हारों, शिल्पियों और युवाओं के लिए योगी सरकार ने सुनहरा अवसर लेकर आई है। 10 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट पर सीधे 25 प्रतिशत अनुदान मिलने से माटीकला से जुड़े हर हाथ को अब काम मिलेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत बैंक के जरिए टर्म लोन दिया जाएगा, जिसमें 25 प्रतिशत राशि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा अनुदान के रूप में दी जाएगी। इससे लाभार्थियों पर वित्तीय दबाव काफी कम हो जाएगा और उद्योग शुरू करना आसान बनेगा। इस योजना के तहत मिट्टी से जुड़े हर तरह के उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। खिलौने, घड़ा, सुराही, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, अचारदानी, कप-प्लेट जैसे घरेलू सामान के साथ ही फ्लोर टाइल्स, रूफ टाइल्स, पाइप, वॉश बेसिन जैसे निर्माण सामग्री और सजावटी सामान जैसे गार्डन पॉट, लैम्प आदि बनाकर उद्यम खड़ा किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत केवल व्यक्तिगत इकाइयों को ही स्थापित कराया जाएगा। इससे पारंपरिक कारीगरों को सीधे लाभ मिलेगा और वे खुद का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। सरकार की इस योजना ने माटी के हुनर को सीधे बाजार से जोड़ दिया है। अब कुम्हारों और युवाओं के लिए यह मौका है कि वे परंपरा को व्यवसाय में बदलकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर सकेंगे।

### 18 साल से ऊपर के युवा करें आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही माटीकला से जुड़ा प्रशिक्षण, प्रमाणपत्र या पारंपरिक ज्ञान होना जरूरी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी- httpsÑ//upmatikalaboard.in/Home/Matikala Rojgaar वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान फोटो, आधार, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड/फैमिली आईडी और प्रोजेक्ट रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यू/4ए, रामपुर बाग, बरेली या दूरभाष संख्या 0581-2567395 पर संपर्क किया जा सकता है।

# योगी सरकार में 70 करोड़ से चकाचक होंगी स्मार्ट सिटी की सड़कें

## शहर में सड़क, नाला और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर होगा खर्च, सभी कार्यों को चरणबद्ध तरीके से समयसीमा में पूरा करने का लक्ष्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप शहरों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिये प्रयास शुरू हो गये हैं। शहर के समग्र विकास को गति देने के लिए नगर निगम ने 70 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का एक्शन प्लान तैयार किया है।

योजना में सड़क, नाला, जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी जाएगी। खास बात यह है कि सभी कार्यों के लिए प्रोजेक्ट-वाइज समयसीमा तय कर दी गई है, ताकि काम तय समय में पूरा हो सके। मेयर डा. उमेश गौतम ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण, जर्जर सड़कों का निर्माण और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों का निर्माण और सफाई प्रमुख एजेंडा में शामिल है। इसके साथ ही विकास कार्यों में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए भी समानांतर अभियान चलाया जाएगा।

सभी प्रोजेक्ट्स की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। हर कार्य की नियमित समीक्षा होगी और प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

### चार चरणों में होंगे सभी निर्माण कार्य

सभी कार्यों को चार चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होगी। दूसरे चरण में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ठेकेदारों का चयन किया जाएगा। तीसरे चरण में निर्माण कार्य शुरू होगा, जबकि अंतिम चरण में गुणवत्ता जांच और निरीक्षण कर प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा। प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, स्कूल और अस्पतालों के आसपास के इलाकों को प्राथमिकता में रखा गया है। खास तौर पर जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत किया जाएगा, ताकि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी न हो।

### हर सप्ताह होगी समीक्षा, गुणवत्ता पर रहेगा फोकस

हर प्रोजेक्ट की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य होगी और वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा करेंगे। काम में देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा विकास कार्य केंद्र और राज्य सरकार से मिली अनुदान राशि से किया जाएगा। इस एक्शन प्लान के लागू होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, लोगों को भी विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की गई है।

# पार्क बुलाकर युवती से छेड़छाड़ करने वाला साहिल गिरफ्तार

- लंगड़ाते हुए हाथ जोड़कर बोला- साहब माफ कर दो

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में एकतरफा प्यार की आड़ में अपराध का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने युवती को बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की और जब विरोध हुआ तो खुद को बचाने के लिए अवैध तमंचा तक रख लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना मंगलवार की है, आरोपी अफसर उर्फ साहिल ने युवती को गांधी उद्यान के पास बुलाया। यहां उसने दोस्ती करने का दबाव बनाया। युवती के इंकार करते ही वह जबरदस्ती पर उतर आया। हालात बिगड़ते देख युवती के परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गया।

घटना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। मंगलवार देर रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने रेलवे जंक्शन के पास मनोरंजन सदन के नजदीक आरोपी को घेर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह युवती से एकतरफा प्रेम करता था और लगातार कॉल व मैसेज कर उसे दोस्त बनाना चाहता था। मना करने पर उसने जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। पकड़े जाने के डर से उसने एक साथी से तमंचा मंगाकर अपने पास रख लिया था।

इस मामले में कोतवाली थाने में छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा पहले ही दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पर आर्म्स एक्ट में भी केस दर्ज कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर शहर में अपराधियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। अधिकारियों ने साफ कहा है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

दिल्ली से पीछा करते-करते बरेली पहुंचा सनकी आशिक

# युवती को तेजाब से जलाने की धमकी, सड़क पर रोककर छेड़खानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** राजधानी दिल्ली से शुरू हुई सनक बरेली तक पहुंच गई। बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़खानी, पीछा करने और तेजाब से हमला करने की धमकी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी न सिर्फ युवती के पीछे-पीछे बरेली पहुंचा, बल्कि घर तक आकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली की एक फुटवियर फैक्टरी में काम करती थी। वहीं शीशगढ़ थाना क्षेत्र के मकालपुर निवासी रिजवान भी काम करता था। इसी दौरान उसने युवती पर गलत नजर डालनी शुरू कर दी। आए दिन छेड़खानी करता और शादी से इनकार करने पर तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ने की धमकी देता था।

### डर के चलते छोड़ी नौकरी, लेकिन पीछा नहीं छोड़ा

आरोपी की हरकतों से तंग आकर युवती दो साल पहले परिवार के साथ बरेली लौट आई। लेकिन यहां आने के बाद भी आरोपी का आतंक खत्म नहीं हुआ। वह लगातार उसका पीछा करता रहा और अब बरेली में भी उसे परेशान करने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी कई बार उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज करता है। बीच सड़क पर रोककर छेड़खानी करता है और शादी न करने पर तेजाब से हमला करने व पूरे परिवार की हत्या की धमकी देता है। इससे पूरा परिवार दहशत में है।

### परिवार के तीन सदस्य भी दे रहे साथ

युवती ने आरोप लगाया कि रिजवान के साथ उसका पिता अशरफ, मां अनोखी और भाई तौहीद भी उसे धमकाने और परेशान करने में शामिल हैं। चारों मिलकर लगातार दबाव बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर बारादरी थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह के मुताबिक, आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# स्कूटी पर सवार नारी शक्ति का दम, सड़कों पर शिक्षिकाओं ने भरी हुंकार



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत बुधवार सुबह शहर की सड़कों पर महिला सशक्तिकरण का जोश नजर आया, जब सैकड़ों महिला शिक्षिकाएं स्कूटी पर सवार होकर जागरूकता रैली में उतरीं। यह रैली न केवल महिला आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनी, बल्कि सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता का मजबूत संदेश भी दे गई।

सुबह करीब साढ़े नौ बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू हुई इस भव्य रैली में नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं को विशेष रूप से उनकी स्कूटी के साथ आमंत्रित किया गया था। शिक्षिकाएं हेलमेट पहनकर अनुशासन के साथ निकलीं, जिसने पूरे आयोजन को एक सशक्त और प्रेरणादायक स्वरूप दिया।

रैली के दौरान सभी प्रतिभागियों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे। शिक्षिकाओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर समाज को यह संदेश दिया कि आज की नारी न केवल सशक्त है, बल्कि जिम्मेदार और जागरूक नागरिक भी है। रैली को सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल और भाजपा नेता अधीर सक्सेना समेत अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं।

### वीरांगना चौक पर उत्साह के साथ समापन

रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कैंट स्थित वीरांगना चौक पर जाकर समाप्त हुई। समापन स्थल पर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यहां महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ सेल्फी और फोटो खिंचवाकर इस यादगार आयोजन को संजोया। पूरे आयोजन में एक ही संदेश गूंजता रहा—आज की नारी हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर, सक्षम और जागरूक है। स्कूटी रैली के माध्यम से महिलाओं ने समाज को यह दिखा दिया कि वे अब हर मोर्चे पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# अवैध निर्माण पर गरजा बुलडोजर, खोखे-दुकानें ढहे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** हाफिजगंज में पीलीभीत बाईपास मार्ग पर बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए खोखे, टीन शेड और दुकानों को जमींदोज कर दिया।

अभियान के दौरान जेसीबी मशीनें लगातार गरजती रहीं और सड़क किनारे बने अवैध ढांचे मिनटों में ढहा दिए गए। कई लोगों ने कार्रवाई से पहले ही अपना सामान खुद हटाना शुरू कर दिया, जबकि कुछ स्थानों पर टीम को सख्ती भी दिखानी पड़ी। कोतवाल प्रवीण सोलंकी के नेतृत्व में मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए, लेकिन पुलिस ने हालात को पूरी तरह नियंत्रण में रखा और किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं होने दी।

### जाम से राहत दिलाने को चला अभियान

कोतवाल सोलंकी ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। इसी को देखते हुए यह सख्त अभियान चलाया गया। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी ने सड़क या सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा किया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई के बाद यातायात हुआ सुचारु

अभियान के बाद बाईपास मार्ग पर यातायात पहले की तुलना में सुचारु नजर आया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे जरूरी कदम बताया। प्रशासन ने हाफिजगंज के नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सहयोग करें।

# मौलाना शाहबुद्दीन ने दी मुस्लिम महिलाअें को राजनीति से दूर रहने की नसीहत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला आरक्षण बिल में किए जा रहे संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने इसे महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में आगे लाने की सकारात्मक पहल बताया, लेकिन साथ ही मुस्लिम महिलाओं को मौजूदा सियासत से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी।

मौलाना ने कहा कि प्रधानमंत्री आधी आबादी को आरक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक महिलाएं संसद तक पहुंचें और नेतृत्व में उनकी भागीदारी बढ़े। मौलाना शाहबुद्दीन रजवी ने कहा कि आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। उन्होंने मौजूदा सियासत को मक्र व फरेब का जाल और दलदल करार देते हुए कहा कि इसमें महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिल सकती। उनके मुताबिक, राजनीतिक माहौल महिलाओं के लिए अनुकूल नहीं है।

### इस्लामी नजरिए से दी अलग सलाह

उन्होंने कहा कि इस्लाम महिलाओं को घर की जीनत मानता है और उनकी सुरक्षा व सम्मान को सर्वोपरि रखता है। इसी आधार पर उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को सलाह दी कि वे ऐसी सियासत से दूर रहें, जहां उनकी गरिमा प्रभावित हो सकती है। मौलाना ने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने के बाद 33 प्रतिशत सीटों पर महिलाएं चुनाव लड़ सकेंगी और नेतृत्व कर सकेंगी। यह अवसर सभी महिलाओं के लिए खुला रहेगा, लेकिन मुस्लिम महिलाओं को वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए सोच-समझकर कदम उठाने की सलाह दी गई है।




## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


## एक नजर

### अतिक्रमण हटाने को पालिका ने बनाई चार टीमें

**रामपुर।** शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए नगर पालिका परिषद ने चार टीमों का गठन किया है। जोकि अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान को संचालित रखेंगी। अतिक्रमण के नोडल ईओ खुद हैं। पालिका के अधिकारियों के अनुसार सोमवार से शहर अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर शहर में ई- रिक्शा घुमाई है। कोई भी दुकानदार सड़क पर किसी भी प्रकार का सामान न रखें। मालूम हो कि दो दिन पहले शाहबाद गेट से चौकी चौक तक 50 दुकानों के आगे बने चबूतरे, छज्जों को पालिका की जेसीबी ने ध्वस्त कराया गया था। पालिका की टीम की कार्रवाई को देखते हुए व्यापार मंडल ने तीन दिन समय मांगा। जिससे कि सड़क पर सामान न रखें। नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण हटाए जाने के लिए चार टीमों का गठन किया।

### सरकारी नल खराब, आ रहा गंदा पानी

**रामपुर।** पहाड़ी गेट स्थित काशीराम आवास कॉलोनी और आसरा कॉलोनी में जल संकट गहरा गया है। लगभग 550 क्वार्टरों में रहने वाले हजारों लोगों को टंकी से मिलने वाले पानी में क्लोरीन नहीं मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण क्लोरीन मिलाने वाली मशीन का खराब होना बताया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में लगाए गए लगभग 30 से 35 सरकारी नलों की स्थिति भी खराब है। इनमें से अधिकांश नल खराब पड़े हैं। जो कुछ नल चालू हैं, उनका पानी इतना दूषित है कि वह पीने या अन्य घरेलू उपयोग के लिए नहीं हैं।

# 20 अप्रैल से राम रहीम पुल पर दौड़ेंगे वाहन

## लोक निर्माण विभाग ने कराई पुल की मरम्मत, डिवाइडर पर हो रहा रंग-रोगन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एक माह बाद 20 अप्रैल से राम रहीम पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। जर्जर पुल की मरम्मत और सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा सही करा दिया गया है। पुल पर कराए गए कार्यों का शहर विधायक भी जायजा ले चुके हैं। अब सिर्फ पुल के दोनों और बने डिवाइडरों पर रंग-रोगन होना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राम रहीम पुल को 20 अप्रैल से पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा।



राम रहीम पुल। -जागरण मोर्चा

ज्वालानगर रेलवे क्रासिंग पर आए दिन होने वाले हादसों पर रोक, फाटक बंद होने की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाए के लिए वर्ष 1999 में पुल की मंजूरी दी थी। जिसके बाद वर्ष 2006 में यह पुल बनकर तैयार हो गया। 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुल की अब तक एक बार भी मरम्मत नहीं हुई। जनता की समस्या को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर शासन की मुहर लगी। 20 मार्च से पुल को एकदम पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया। पुल को बंद करने से पहले बीयरिंग को बदलवाया गया। इसके बाद जर्जर पुल के जोड़ों और सड़क को सही कराया गया।

> राम रहीम पुल पर 20 अप्रैल से वाहनों की आवाजाही शुरू होगी। मरम्मत के लिए पुल को 20 मार्च से बंद किया गया है कार्य अब पूर्ण हो चुका है।-
> **गौरव सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि।**

### पुल पर हुए है 2.29 करोड़ खर्च

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार शाहबाद-बाजपुर मार्ग एसएस 144 किलोमीटर 33 में स्थित राम रहीम पुल की मरम्मत बीयरिंग, ज्वाइंट को बदलने और सड़क को सही करने में 2 करोड़ 29 लाख रूपये खर्च हुए हैं। इनमें 84 बीयरिंग को बदलवाया गया है। जिससे कि लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### इन मार्गों से होकर गुजर रहे हैं लोग

पुल बंद होने पर लोग ज्वालानगर आने- जाने के लिए पनवड़िया रेलवे क्रासिंग, रोडवेज बस अड्डे के सामने अंडरपास से होकर गुजर रहे हैं। भारी वाहन शाहबाद-पटवाई से आने वाले वाहन मुरादाबाद, बरेली बाईपस से होकर कोसी पुल, शहजादनगर स्थित जीरो प्वाइंट होकर सिविल लाइंस, मालगोदाम की तरफ से आवाजाही हो रही है।

### पेड़ काटने के विवाद में जान से मारने की धमकी

**टांडा।** थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर मझरा दायमगंज निवासी मोहम्मद निजाम ने आरोप लगाया है कि खुशहालपुर निवासी अताउल्लाह, गौस मोहम्मद, रजा मोहम्मद, हस्सान व शाहिद आदि ने कुछ दिनों पहले उनकी कृषि भूमि की मेढ़ पर लगे यूकेलिप्टिस और आम के पेड़ काटकर चोरी कर लिए थे। इस मामले में निजाम की मां शकीला बेगम ने थाना टांडा में मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन मुल्जिमान लगातार फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। मां के इनकार के बाद आरोपी परिवार से और अधिक रंजिश रखने लगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उनके घर के सामने वाले रास्ते पर उन्हें और परिवारजनों को रोककर गाली-गलौज करते हैं तथा मुकदमा वापस लेने का दबाव डालते हुए जान से मारने और लाश गुम करने की धमकियां दे रहे हैं। इसके अलावा आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप में भी अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर परिवार की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

## मंडी समिति में खरीद ठप होने पर भड़के किसान

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मंडी समिति मिलक पहुंचे। जहां गेहूं खरीद ठप होने से किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. गणेश गुप्ता ने तत्काल 4000 बोरे उपलब्ध कराए गए। जिससे किसानों को राहत मिली।

मंडी समिति में किसानों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को सौंपा। जिसमें किसानों ने एसएमआई पर भेदभाव और दलालों को प्राथमिकता देने के गंभीर आरोप लगाए। शिकायत पर डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने संबंधित एसएमआई को निलंबित करने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में जितेंद्र गंगवार, अरविंद कुमार, आशीष चंद, अजय गंगवार, सचिन शर्मा, मिंटू तिवारी, अनमोल दिवाकर, घनश्याम कुर्मी, पवन शर्मा, संजू शर्मा, अरुण श्रीवास्तव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


मिलक मंडी समिति ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य।

## आने वाली शाम को नस्लें रखेंगी याद: फैसल लाला

- बरेली गेट स्थित आप कार्यालय पर हुई प्रेसवार्ता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आम आदम पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि आने वाली 18 अप्रैल को किले के मैदान में मशहूर शायर ताहिर फराज की याद में एक महफिल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश, प्रदेश के मशहूर शायर कलाम पेश करेंगे।

बरेली गेट स्थित आम आदमी पार्टी के कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता ने प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि 18 को किला के मैदान में होने वाली आल इंडिया मुशायरा के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संजय सिंह, विशिष्ट मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार, डीआईजी सीआरपी के अलावा,



जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और कमांडेंट सीआरपीएफ समेत अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे। शायरों में वसीम बरेलवी, अजहर इनायती, समीना अदीब समेत 24 शायर शामिल रहेंगे। फैसल लाला ने बताया कि मरहूम ताहिर फराज की याद में यह महफिल का आयोजन किया जा रहा है। ऐसी महफिल हमारे बचपन हुआ करती थीं। काफी अर्से के बाद इस तरह की महफिल हो रही है आने वाली नस्लें इस शाम को याद रखेंगी। इसमें महिलाओं बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

## खेत पर कब्जे के प्रयास में युवती से मारपीट, वीडियो वायरल

- पुलिस ने तीन समेत छह अज्ञात पर किया मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर कब्जा करने के प्रयास के दौरान युवती से मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत छह अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

स्वार के गांव गोविंदपुर निकट रायपुर चुन्ना वाला निवासी पीड़िता कु. आरिफा पुत्री स्व. निसार हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पिता की मृत्यु के बाद से वह ही अपनी पैतृक जमीन की देखरेख कर रही है। उसने अपने खेत में गेहूं की फसल बोई थी, जो अब पककर तैयार हो चुकी है।

आरोप है कि 12 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे वह अपनी बहन के साथ खेत पर गेहूं कटवाने पहुंची थी। इसी दौरान करीब 12 बजे नाजिम, दानिश पुत्र करामत अली व रिजवान पुत्र छोटे निवासी नानकार रानी, स्वार अपने छह अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे। खेत पर कब्जा करने की नीयत से जबरन घुस गए। पीड़िता के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि नाजिम ने उसे थप्पड़ मारा और गलत नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही उसकी बहन के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


युवतियों को पीटता दबंग।


## आजम खान, अब्दुल्ला आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

- पैन कार्ड, पासपोर्ट मामले में ट्रायल कोर्ट शिकायतकर्ता को भी सुने

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आजम खान और अब्दुल्ला आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने पैनकार्ड और पासपोर्ट मामले में सजा बढ़ाने की अपील पर सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि इस मामले में शिकायतकर्ता पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को भी सुना जाए।

दरअसल, राज्य सरकार ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को बढ़ाने के लिए अपील दाखिल की है। इसी अपील में शिकायतकर्ता नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने भी पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद नवाब काजिम अली ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया।



हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आजम खान और अब्दुल्ला आजम के वकीलों ने नवाब काजिम अली की याचिका पर सवाल उठाते हुए उसे खारिज करने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि शिकायतकर्ता को इस अपील में पक्षकार बनाए जाने का कोई औचित्य नहीं है, लेकिन हाईकोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया और नवाब काज़िम अली खां की ओर से अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह की दलीलें सुनकर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता को भी अपना पक्ष रखने का अधिकार है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सजा बढ़ाने की अपील जैसे मामलों में शिकायतकर्ता की बात भी सुनी जानी चाहिए, क्योंकि वह मामले का महत्वपूर्ण पक्ष होता है. अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि वह नवाब काजिम अली खां को सुनवाई का अवसर दे और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई करें।

## 25 लाख रूपये के 143 बकायेदारों के काटे कनेक्शन

- तीन माह से जमा नहीं किया बिल, हुई कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तीन माह से बिजली का बिल जमा न करने वालों के खिलाफ विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। यह वह उपभोक्ता है कि जोकि मुफ्त की बिजली जला रहे है ऐसे उपभोक्ताओं की सूची बनाई जा रही है। सूची के आधार पर घर-घर जाकर इनसे तकादा किया जाएगा। साथ ही जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के मूड में अधिकारी हैं।

नवाबगेट डिवीजन के सहायक अभियंता वाणिज्य द्वितीय प्रदीप राय ने बताया कि बुधवार को शहर के143 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई है इन पर करीब 25 लाख रुपये का बकाया है।



बिजली का बिल जमा कराए जाने के लिए शहर में इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है इसलिए जिन उपभोक्ताओं पर विभाग का बकाया है वह नजदीकी उपकेंद्र कैश काउंटर पर जाकर बिल जमा करें। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान उपभोक्ता बकाया जमा भी कर रहें हैं।

## चलती ट्रेन में बदमाशों ने की फायरिंग दो कारोबारियों से सात लाख लूटे

- कारोबारी सामान खरीदने जा रहे थे दिल्ली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में दो बदमाशों ने तमंचा और पिस्टल दिखकर दो कर्मचारियों से 7 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित उत्तराखंड के रहने वाले हैं। वे कारोबारी की दुकान के लिए ऑटोमोबाइल का सामान खरीदने दिल्ली जा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि बदमाश पहले से ही ट्रेन में सवार थे। ट्रेन जैसे ही बिलासपुर के नजदीक धीमी हुई। बदमाशों ने दोनों कर्मचारियों को घेर लिया। उन्होंने दोनों कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लिया और उनसे लगभग 7 लाख रुपए लूट लिए। बदमाशों ने भागते समय बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पीड़ितों से मुलाकात की। वहीं व्यापारियों ने आरपीएफ से मिलकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की तलाश में आसपास के क्षेत्रों में लगातार दबिश दी जा रही है।

### सुबह दिल्ली के लिए रवाना हुए थे

ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर की सिंह कॉलोनी स्थित जपनीत ऑटो के कर्मचारी रितिक मंडल और साहिब सिंह ऑटोमोबाइल का सामान खरीदने दिल्ली जा रहे थे। दोनों बुधवार सुबह रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। उन्हें दिल्ली से ऑटोमोबाइल का सामान खरीदना था, जिसके लिए वे नकदी लेकर जा रहे थे।




### महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम बताया

**रामपुर।** संत शिरोमणि दास गेस्ट हाउस में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह अधिनियम संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा। यह कानून केवल आरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यापक स्ट्रक्चरल रिफॉर्म है, जो महिलाओं को भागीदार से निर्णायक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीतियां अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेंगी। इस अवसर पर कोमल मित्तल, मनु सक्सेना, अनु मिश्रा, मीना सिंह, बीना अग्रवाल आदि मौजूद रही।

खुशी | कुल 56 बच्चों ने प्राप्त किए 90 से ज्यादा प्रतिशत अंक, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

# सीबीएसई रिजल्ट में दयावती मोदी के बच्चों का दबदबा


रिजल्ट आने पर खुशी जाहिर करती दयावती मोदी की छात्राएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दयावती मोदी अकादमी में दसवीं में 90 प्रतिशत से अंक पाने वाले बच्चों की भरमार रही। इनमें कुल 56 बच्चे शामिल रहे। दसवीं में विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चे अच्छे नम्बरों से पास हुए हैं। 90 से ज्यादा की सूची में आईटी के अंक न जोड़ने के बाद कुल 56 बच्चे रहे हैं। इनमें शौर्य चौहान के 98.6, अन्वित ग्रेवाल के 98.2, शिखर राठौर के 98, आयुष विकल के 97.4, खुशी चौरसिया के 97, पाखी भारद्वाज के 96.8, तनिष्का गुप्ता के 96.8, निष्ठा कुमारी 96.6, रानेन्द्र कुमार के 96.6, मोहम्मद फैज़ के 96.4, ध्रुव राजपूत के 96.2, रक्षित जोशी के 96.2, सिया श्रीवास्तव के 96, देवांक सिंह 95.8, अनंत कुमार सिंह के 95.8, रितोबन सेन गुप्ता के 95.6, जानवी के 95.6, सार्थक गुप्ता के 95.4, सारा अहमद के 95.2, व्योम अग्रवाल के 95.2, मोक्ष उपाध्याय के 95.2, पल्लवी राजपूत के 95.2, अक्षत कुमार के 95, मोहम्मद अब्दुल्ला के 94.8, साची सेठी के 94.8, वंश यादव के 94.8, एंजेल चौहान के 94.8, श्रेयांश सिंह के 94.6, समीर लोचन के 94.4, विदित तोमर के 94.2, शौर्य सक्सेना के 94, साद अहमद के 93.6, शाश्वत मौर्य के 93.6, भव्य भारद्वाज के 93.6, इशिका के 93.4, फलक मेंदिरत्ता के 93.2, रचित सिंह के 92.8, दिव्यांश वर्मा के 93.2, ईशांत सिंह के 93.2, अंशिका सिंह 93, वंश सक्सेना के 93, सारा फातिमा के 92.8, देवांश सिंह के 92.6, माहिरा जावेद के 92.4, अनाबिया आतिफ के 92.2, शिवांशी के 91.8, श्रेया वशिष्ठ के 91.4, यश गंगवार के 91.4, तनवी सिंह के 91.2, अम्साल खान के 91.2, हर्ष रंजन सक्सेना के 91, माही सिंघल के 90.4, रिशिता तिवारी के 90.2, अचिंत सक्सेना के 90.2, आदित्य प्रताप सिंह और अरमान प्रीत कौर के 90 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। प्रधानाचार्या डा. सुमन तोमर, एचएम डा. मिली टंडन व शिक्षकों ने सभी को शुभकामनाएं दी।

### शौर्य चौहान को मिले 98.60 प्रतिशत नंबर

दयावती मोदी एकेडमी के छात्र हाईस्कूल के छात्र शौर्य चौहान ने 98 .60 प्रतिशत प्राप्त किए। 10 वीं सर्वाधिक नंबर लाने पर परिवार में खुशी का माहौल है। शौर्य चौहान ने माता-पिता ने गले लगकर बधाई दी और मिठाई भी खिलाई।


छात्र शौर्य चौहान को मिठाई खिलाते माता-पिता।

### सौ में से सौ नम्बर पाकर चमके चेहरे

दयावती मोदी अकादमी के कई बच्चों के सौ में से सौ अंक हासिल किए हैं। सौ नम्बर पाकर इन बच्चों के चेहरे खिल गए। इनमें अंग्रेजी में शौर्य चौहान, अनवित ग्रेवाल, शिखर राठौर, खुशी चौरसिया, निष्ठा कुमारी, ध्रुव राजपूत, साची सेठी, फलक मेंहदीरत्ता, अंशिका सिंह, अनाबिया आतिफ, हिन्दी में शौर्य चौहान, खुशी चौरसिया, पाखी भारद्वाज, मौहम्मद फैज, जानवी, गणित में अनवित ग्रेवाल, आई में शौय चौहान के सौ नम्बर आए हैं।

### शौर्य सक्सेना ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत नंबर

**रामपुर।** दयावती मोदी एकेडमी के छात्र शौर्य सक्सेना ने कक्षा 10 में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जिसके लिए दयावती मोदी एकडेमी की प्रधालाचार्य ने उनके परिवार को बधाई दी। शौर्य सक्सेना के पिता राहुल सक्सेना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला समन्वयक एमडीएम के पद पर कार्यरत है। 94 प्रतिशत अंक लाने पर परिवार में खुशी का माहौल है।


प्रधानाचार्य, अभिभावक के संग खड़े छात्र शौर्य सक्सेना। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो के नारे पर करें अमल

**रामपुर।** गांव कोयला पंचायत के गांव फैजुल्लानगर में भारत रत्न भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम आयोजक राजीव कुमार अम्बेडकर ने कहा बाबा साहब ने देश के दलित, शोषित वंचित उपेक्षित वर्गों के लिए कार्य किए और केक काटकर सभी बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो के नारे पर अमल करें। इस अवसर पर अकुंश सागर, अमित सागर, सौरव सागर, अरुण सागर, दीपक सागर, शिवम सागर, रंजीत दिवाकर, संजीव सागर आदि मौजूद रहे।

### आजमीन हज कराएं मेडिकल

**रामपुर।** वर्ष 2026 में हज को जाने वाले लोगों की सूची फाइनल हो गई है। 20 अप्रैल से लोग हज के लिए रवाना होंगे। जिन लोगों ने अभी तक मेडिकल नहीं कराया है। 16, 17 को जिला अस्पताल में जाकर कराएं। जिसमें ब्लड प्रेशर, आरबीएस शुगर, सीबीसी यह मेडिकल कराए जाने के बाद ही हज के लिए रवाना हो सकेंगे। यह जानकारी शाहिद शम्सी ने दी।

# नारी शक्ति वंदन के समर्थन में निकाली स्कूटी रैली

## मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अंबेडकर पार्क से गांधी समाधि तक एक विशाल स्कूटी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली ने पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।



रैली को हरी झंडी दिखाते शहर विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा



रैली से पहले आंबेडकर पार्क में एकत्र भाजपाई। -जागरण मोर्चा



टांडा में रैली का शुभारंभ कराते जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी। -जागरण मोर्चा

शहर विधायक ने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह कानून उन्हें राजनीति में भी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा। भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। रैली में शामिल मातृ शक्तियों का जोश और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। सैकड़ों महिलाओं ने स्कूटी और बाइक चलाते हुए पूरे मार्ग में नारी सशक्तिकरण के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। हर चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व झलक रहा था, जो यह दर्शाता है कि महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह सजग हैं। जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को भागीदार से निर्णायक बनाने का माध्यम है। यह देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देगा और समाज को अधिक समावेशी बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति दीवार पर हस्ताक्षर कर इस अभियान के प्रति अपना समर्थन जताया। एकजुटता का संदेश देने के लिए नारी श्रृंखला बनाकर महिला शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी की मजबूत आवाज है। इसने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की नारी अब पीछे नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तैयार है। कार्यक्रम का समापन गांधी समाधि पर हुआ, जहां सभी महिलाओं एवं पदाधिकारियों ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**रैली में यह रहे लोग शामिल**

रैली में निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी, कार्यक्रम संयोजक प्रमोद आहूजा, राजीव मांगलिक, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, पारुल अग्रवाल, पूजा शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, वसीम खान, गोपाल गुप्ता, विक्रम सिंह, राजू शर्मा, मनसा राय, मीना पाल, कोमल मित्तल, रानी सैनी, पूनम सागर, बीना अग्रवाल, सरिता बिश्नोई, अनु मिश्रा, सुनीता सैनी, हरिबाला, सुनीता सिंह, मनु सक्सेना, मुन्नी देवी, सुमन परिहार, रेशु अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, गीता अरोड़ा, नीना साहनी, सरिता बिश्नोई, सुनीता सिंह, इंदु शर्मा, रामा अग्रवाल,यामिनी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### टांडा में भी मातृ शक्ति ने निकाली रैली

टांडा। नगर पालिका क्षेत्र में नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में मातृशक्ति द्वारा आयोजित भव्य स्कूटी बाइक रैली का शुभारंभ जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने किया। स्कूटी, बाइक रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति ने चल रहे इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। रैली के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प है ये भाजपा का चल रहा, नारी शक्ति वंदन अभियान। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और अधिकारों की स्थापना का मजबूत आधार है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बल मिलता है, जो एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्कूटी, बाइक रैली में मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, योगेश सैनी, विजेंद्र सैनी, अश्वनी वर्मा, समर सिंह चौहान, नवदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# 'दुकानों के बाहर न रखें सामान'

- चंपा कुवरि धर्मशाला में हुई व्यापारियों की बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कोई भी सामान न निकाले। छज्जे, चबूतरे पर कोई भी सामान न टांगे न ही निकाले। कोई भी स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण है तो उसे तुरंत हटा लें। व्यापार मंडल किसी भी अतिक्रमण का साथ नहीं देगा।

शहर में इन दिनों नगर पालिका परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित है। अभियान के दौरान लगभग 50 दुकानों के आगे बने छज्जे और चबूतरों को पालिका ध्वस्त कर चुकी हैं। अभियान के दौरान पालिका के अधिकारियों ने 3 तीन दिन का समय मांगा कि दुकानदार दुकानों के आगे बने छज्जे, चबूतरों को खुद तोड़ लेंगे। इसलिए इन्हें समय दिया जाए। इसी के चलते बुधवार को चंपा कुवरि धर्मशाला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि दुकानदार दुकान के आगे नाला या नाली पर पक्का चबूतरा हटाकर उसकी जगह लोहे का फोल्डिंग जाल लगा सकते हैं जिससे ग्राहक और दुकान के अंदर जा सके। बैठक में शाहिद शम्सी, हारिस शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, बिलाल शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, प्रदीप खंडेलवाल, इमरान सलीम, शकेब अहमद, फैसल हबीब, मुराद खान, मोहसिन खान, मुकेश आर्य, उजैर अहमद, पुष्कर अग्रवाल, नजमी खान आदि मौजूद रहे।



चंपा कुवरि धर्मशाला में आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

### यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए जागरूक-प्रेरित किया गया। ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से जांच के दौरान निर्धारित मानक से अधिक मात्रा में शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।




# डेयरी पर छापा, लिए दो नमूने

- मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए चला विशेष अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के क्रम में जनपद में आमजन को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान का संचालन सहायक आयुक्त खाद्य अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया। अभियान के अंतर्गत छापेमारी करते हुए अखाड़ा सोहराब खां स्थित आसिया मिल्क डेयरी से पनीर का एक नमूना तथा ज्वालानगर, नूरी मस्जिद के निकट स्थित दूध विक्रेता इस्माईल से दूध का नमूना लिया। दोनों नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकान्त एवं अज़रा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।



डेयरी संचालक से बातचीत करते सहायक आयुक्त। -जागरण मोर्चा

# आधस ने निकाली अंबेडकर संदेश यात्रा

- अमर आदिवासी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आदि धर्म समाज आधस द्वारा ग्राम चपटा से डॉ. अंबेडकर साहब की जयंती के उपलक्ष्य पर विचार अंबेडकर संदेश यात्रा का आयोजन किया गया। संदेश यात्रा का शुभारंभ वीर श्रेष्ठ अमर आदिवासी राष्ट्रीय धर्म प्रचारक ने फीता काटकर किया।

संदेश यात्रा ग्राम चपटा से चपटा कालोनी, बमनपुरी शहीद ए आज़म स्टेडियम होकर पुनः चपटा पहुंच कर डॉ. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में एक विचार गोष्ठी में प्रवर्तित हुई। इस दौरान लोगों ने संदेश यात्रा पर फूलों की वर्षा भी की। अंबेडकर संदेश यात्रा आनंद प्रकाश वाल्मीकि, महेश सागर, विशाल सैनी, जबर सिंह, नवीन राही, राजेश रत्न, सुधीश भारती, विल्सन, धर्म कुमार, अमित सागर प्रेम शंकर पाल, विक्रम संदेश यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया। वार्ड मेंबर निशा, विशाल आदि लोग शामिल रहे।



फीता काटकर शुभारंभ करते अमर आदिवासी।

### समारोह में पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक

**रामपुर।** रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. डीएस चौहान पूर्व पुलिस महानिदेशक रहे। इसके अतिरिक्त रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली, मुनिराज पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, प्रवीण कुमार, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश क्रिकेट बोर्ड क्रिकेटर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को उपहार एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट

- पुलिस ने पांच लोगों को किया नामजद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

स्वार। दो लाख रुपये नकदी एवं दो बीघा जमीन की मांग पूरी ने करने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने विवाहिता की ओर से पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के गांव रूस्तमनगर निवासी नगमा की शादी कुछ वर्ष पूर्व निजाम के साथ मुस्लिम रीतिरिवाज के हिसाब से हुई थी। हैसियत अनुसार काफी दान दहेज भी दिया था। बुधवार को विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप है लगाया है कि उसके पति निजाम, ससुर अमजद, सास परवीन जहां, ननद सानिया, रजा अली और देवर सैफ अली द्वारा दहेज में एक डिजायर कार, दो लाख रुपये, सोने की चेन और दो बीघा जमीन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। जब उसने अपने मायके वालों को बताया तो उन्होने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी और घर से निकाल दिया। विवाहिता अपने मायके पहुंच गई और सारी बात बताई। विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच दहेज लोभियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।




# मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने मनाया बाबा साहब का 135 वां जन्मोत्सव



उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल के कार्यालय में खड़े पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

- बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धाजंलि

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सभी पदाधिकारियों के पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष लववीर सिंह ने कहा बाबा साहब के अदर्शों पर चलने से सर्व समाज का भला हो सकता है।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे सामाजिक समानता के प्रणेता थे। उन्होंने समाज को सदैव शिक्षित, संगठित और संघर्ष शील बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीपक बाबू सक्सेना, मुनेश कुमार,अंकित सक्सेना, लवलेश कुमार यादव, यशवीर सिंह, जसविंदर सिंह, शुभम सिंह, संजय सिंह, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# सभासद के परिजनों से मिले शहर विधायक

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना शहर के मोहल्ला कुंडा निवासी पूर्व सभासद रफत आरा के घर पहुंचे। उनके पति सभासद महफूज उर रहमान खां के निधन पर शोक व्यक्त किया। वार्ड नंबर 13 से निविरोंध चुने गए मरहूम महफूज उर रहमान खां का मंगलवार को निधन हो गया था। इशा की नमाज के बाद अबाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर किया गया। बुधवार को शहर विधायक उनके घर पहुंचे। उनकी पत्नी और पूर्व सभासद रफत आरा और बेटी से मुलाकात की।



पूर्व सभासद रफत आरा से बातचीत करते शहर विधायक।

**बैठक** सीडीओ ने जनपद में सर्वेक्षण कार्य को गति देने के लिए टीमों के गठन के निर्देश दिए

# राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 75 वर्ष से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों का पंजीकरण किया जाना है। पांडुलिपि ऐसे हस्तलिखित दस्तावेज होते हैं, जिनमें प्राचीन ज्ञान का संकलन होता है तथा जो भावी पीढ़ियों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने जनपद में सर्वेक्षण कार्य को गति देने हेतु टीमों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में साहित्य में रुचि रखने वाले शिक्षकों एवं स्काउट टीमों को सम्मिलित कर सर्वेक्षण कार्य संचालित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पांडुलिपियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण कराएं। रजा लाइब्रेरी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि रजा लाइब्रेरी के अतिरिक्त सोलत पब्लिक लाइब्रेरी, मदरसा फुरकानिया एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्तियों के पास भी पांडुलिपियां उपलब्ध हो सकती हैं। इस संबंध में संबंधित संस्थानों एवं व्यक्तियों से संपर्क स्थापित कर जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। रजा लाइब्रेरी द्वारा पांडुलिपियों के पंजीकरण एवं अपलोड प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं रजा लाइब्रेरी के समन्वय से इस कार्य को 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा प्रगति की समीक्षा हेतु पुनः बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में नगर पालिका/ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों के अतिरिक्त सोलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद, भरसोली मंदिर के पंडित नरेश शर्मा, रजा डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. जहांगीर खान, मदर एक आस संस्था के अध्यक्ष प्रतीक शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



विकास भवन में बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# किसानों ने उठाया वारदाना का मुद्दा

## टांडा मंडी परिसर में अभी तक नहीं किया गया है क्रय केंद्र स्थापित, कई स्थानों पर खुले में रखा हुआ है गेहूं

**किसान दिवस**

- विकास भवन के सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस

जागरण मोर्चा, कार्यालय



विकास भवन के सभागार में आयोजित किसान दिवस में मौजूद सीडीओ, उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी।

**रामपुर।** विकास भवन के सभागार में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने गेहूं खरीद का मुद्दा उठाया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों पर वारदाना उपलब्ध नहीं है, जिससे किसानों को असुविधा हो रही है। बताया गया कि कई स्थानों पर किसानों का गेहूं खुले में रखा हुआ है। जनपद में निराश्रित गौवंश की समस्या के कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। किसान मजहर अली ने बताया कि वर्तमान में गेहूं खरीद का सीजन चल रहा है, किंतु टांडा मंडी परिसर में अभी तक क्रय केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया। बैठक में गतमाह आयोजित किसान दिवस के दौरान कृषकों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही एवं निस्तारण की समीक्षा की। किसान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को बताया कि सभी किसान अपनी फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवा लें, ताकि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिल सके।

### बिना फार्मर के आईडी के नहीं मिलेगी खाद्य

उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने कहा कि 15 मई से बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसान उर्वरक यूरिया, एनपीके एवं डीएपी आदि क्रय नहीं कर सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा किसानों से कहा कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक गणेश गुप्ता ने बैठक में कहा कि जनपद के सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की तौल प्रारंभ हो चुकी है। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं खतौनी के साथ क्रय केंद्रों पर जाकर अपनी उपज विक्रय कर सकते हैं।

# बाबा साहब ने असहाय समाज की आवाज को किया बुलंद: कमल तुरैहा

- सिगनखेड़ा में आयोजित हुई संगठन की विचार गोष्ठी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सिंगनखेडा में संगठन के महामंत्री एडवोकेट राम सिंह तुरैहा के निवास पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी स्वाजातीय साथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए। संगठन के जिला अध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा कमजोर व असहाय समाज की आवाज को बुलंद करते हुए भारत के संविधान में उनको उचित अधिकार दिलाया। ऐसे ज्ञान के प्रतीत, बौद्ध धर्म के प्रवर्तक, भारतीय महिलाओं के उद्घारक, भारत के प्रथम कानून मन्त्री डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर ने हमेशा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाई थी।

उन्होंने हमेशा समाज को जागरूक व स्वावलंबी बनाने के लिए ही कार्य किए। अपने जीवनकाल में बाबा साहब ने खासकर समाज की कमजोर महिलाओं के उद्घार के लिए कार्य किए। जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग के कमजोर व असहाय तथा अशिक्षित लोगो को कलम की ताकत का एहसास कराया उन्होने कहा था कि कलम को अपना हथियार बना लो शिक्षित व्यक्ति का मान-सम्मान हमेशा सर्वोच्च ही रहता है। इस अवसर पर रामसिंह तुरैहा, विनोद कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार प्रधान, मास्टर अरविन्द कुमार, राम सरन, राजीव कुमार तुरैहा, राम सरन तुरैहा, अर्जुन कुमार, रवि तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, अर्जुन सिंह, रामकिशोर तुरैहा, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं समाज की सशक्त नींव हैं: एसएन सलाम

- जौहर विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा, कार्यालय


जौहर विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में खड़ी छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के आलोक में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएन सलाम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं के सशक्तिकरण और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन प्रदर्शित किया। कुलसचिव डॉ. एसएन सलाम ने कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त नींव हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ अब राजनीतिक भागीदारी भी महिला सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनेगी। विश्वविद्यालय का दायित्व है कि छात्राएं न केवल ज्ञान अर्जित करें, बल्कि नेतृत्व के लिए तैयार हों। लड़के और लड़कियां एक-दूसरे के पूरक हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी समानता की भावना को मजबूत करता है। हमें सम्मान और बराबरी के साथ समाज का निर्माण करना है।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर ज़हीरुद्दीन ने दूरभाष से अपने विचार महिला सशक्तिकरण पर व्यक्त करते हुए कहा कि नारी सिर्फ एक शब्द नहीं, सृजन की परिभाषा है। नारी वंदन, संस्कारों का अभिनंदन है। महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत का संकल्प है। इस अवसर पर प्रिंसिपल पैरामेडिकल डॉ. कलीम, डॉ. गुलफ्शा, डॉ. उनाइज़ा, डॉ. तनवीर, डॉ. इरम खान ताहिर डॉ. फरहा रहमान, डॉ. गाजी खां, मोहम्मद इस्लाम, अमित सिंह, जीशान अली आयशा, जिकरा, सानिया, गुलरेज़ खान, डॉ. प्रीति विश्वास,समन आदि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति बंधन अभियान के तहत भव्य स्कूटी-बाइक रैली निकली

- डोली रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय


नारी शक्ति बंधन अभियान में रैली निकालती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत स्वार नगर मंडल में भव्य स्कूटी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रामलीला मैदान से मुख्य अतिथि डोली रंधावा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई स्वार ब्लॉक परिसर में जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले की मंत्री अमृता रंधावा, पंकज सैनी, स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, जयवर्धन मौर्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता मौर्य सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। रैली में शामिल महिलाओं ने स्कूटी और बाइक चलाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य रिशु वाला, सुनीता, पूनम मौर्य, कमला आर्य, संजू समेत अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली, जिससे रैली सफल रही। स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम से महिलाओं का तेजी से सशक्तिकरण होगा।

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यह अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर उन्हें अधिकार और सम्मान देने का कार्य कर रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का संकल्प पूरा किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में रिंकू सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, सूरज वाल्मीकि, नोवत सैनी, दिलीप अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना भर्ती पर करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

- राजकीय इंटर कॉलेज, मनकरा चमरौआ में हुई कार्यशाला

जारगण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा चमरौआ में अग्निपथ योजना के अंतर्गत भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती से संबंधित एक करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक, रामपुर के करियर काउंसलर सिमरत सिंह गिल व्याख्याता यात्रिकी एवं विकास आर्य ने छात्र-छात्राओं को अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वे अपने रुचि एवं योग्यता के अनुसार सही विषय का चयन करें, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई न हो। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर नर्सिंग के क्षेत्र में ओवरसीज जॉब के अवसरों की जानकारी दी। आवेदन की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने जर्मनी, जापान एवं इजराइल में नर्सिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को नीट के माध्यम से वेटरनरी साइंस एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मिशन रोजगार के माध्यम से प्रत्येक युवक एवं युवती को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यशाला में कुल 65 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर करियर काउंसलिंग का लाभ प्राप्त किया।

# एएसपी ने की पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक

**रामपुर।** पुलिस लाइन के सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

उनके सुझावों को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

गोष्ठी के उपरान्त दिवंगत पुलिस पेंशनर्स को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौन धारण कर नमन किया गया।

# समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

- युवा जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शाहबाद में एकत्र हुए किसान

जागरण मोर्चा, कार्यालय


एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मासिक पंचायत कर एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा गया। राणा शुगर मिल पर किसानों ने आरोप लगाया कि मिल द्वारा उनका गन्ना भुगतान लंबित है और इसे जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, गन्ना बीज के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है।

जहां 700 रूपये प्रति क्विंटल तक बीज बेचा जा रहा है। विद्युत विभाग पर भी स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया गया। इसे बंद करने की मांग की गई।

किसानों ने यह भी मांग की कि 10,000 रूपये से कम के बकाया बिलों पर किसानों के विद्युत कनेक्शन न काटे जाएं। तहसील शाहबाद में लेखपालों द्वारा खसरा या अंश सही करने के नाम पर किसानों के शोषण को रोकने की मांग की गई। साथ ही, शाहबाद प्रशासन द्वारा किसानों पर लगाए जा रहे फर्जी मुकदमों को बंद करने की अपील भी की गई। किसानों ने तहसील शाहबाद के सभी क्रय केंद्रों को तत्काल चालू करने की मांग की। ताकि किसान समय पर अपनी गेहूं बेच सकें। साथ ही साथ तहसील शाहबाद और सैफनी के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कर फर्जी सेंटरों को बंद करने की मांग भी की गई। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, प्रमुख सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश सुनील कुमार सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, मंडल सचिव बिलाल अहमद, मंडल उपाध्यक्ष मीनू यादव, प्रेमपाल सिंह प्रजापति, अभिनव चौधरी, गुफरान पाशा, बाकर तुर्की, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, जिला सचिव नावेद खान, महावीर सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मलेरिया, डेंगू बीमारियों के फैलाव में मच्छर की भूमिका



जैन इंटर कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में बोलते प्रधानाचार्य। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जैन इंटर कॉलेज एक संचारी रोग जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के बॉयोलोजिस्ट देवेंद्र कुमार ने बताया कि मलेरिया डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियों के फैलाव में मच्छर की भूमिका है। मच्छर पानी में अंडे देते हैं। इसलिए अपने घर और घर के आसपास किसी भी स्थान पर गंदा या साफ दोनो तरह का पानी अधिक समय तक जमा नहीं होने देना है। प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने कहा कि विद्यार्थी संचारी रोगों के विषय में अपने परिवार और पास पड़ोस में भी जानकारी देंगे। जीव विज्ञान प्रवक्ता एवं नोडल संचारी रोग सचिन कुमार सिंह ने कहा खुले में मलत्याग, प्रदूषित पेयजल, गंदी नालियां, मच्छर मक्खी चूहे छुछूंदर रोग फैलने के कारण हैं। इन पर नियंत्रण जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग के महिपाल सिंह ने सुझाव दिया कि पूरी बांह की कमीज को अपनी रोजमर्रा की आदत में शामिल करे। इस अवसर पर अरुण कुमार, शक्ति दीक्षित, राजवीर सिंह, हृदयांश कुमार, हिमांशु, मुस्तफा, नीतिश आदि मौजूद रहे।

**तीरंदाजी प्रतियोगिता** | स्वर्ण पदक जीतकर किया जनपद का नाम रोशन

# नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में पुलकित ने जीते 2 स्वर्ण पदक

जागरण मोर्चा, कार्यालय



हरियाणा के भिवानी में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में दिए गए स्वर्ण पदक।

**रामपुर।** हरियाणा के भिवानी में 11, 12 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय ओपन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में मिलक के ग्राम कपनेरी निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुलकित पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

पुलकित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर कुंदनपुर की शिक्षिका प्रीति गंगवार के पुत्र हैं। उन्होंने कम समय में कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच पुलकित ने अपनी सटीक निशानेबाजी से सभी को प्रभावित किया।

उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों, शिक्षकों व गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

वर्तमान में पुलकित मानसस्थली, बरेली में अध्ययनरत हैं। इससे पूर्व भी वह मेरठ में आयोजित प्रतियोगिता में रजत तथा मोहाली में कांस्य पदक जीत चुके हैं। पुलकित ने बताया कि उनका लक्ष्य देश के लिए ओलंपिक में भाग लेकर पदक जीतना है।

# बाजार नसरुल्लाह खां में नवीन शाखा परिसर का उद्घाटन


बाजार नसरुल्लाह खां में फीता काटते क्षेत्रीय प्रबंधक ऋतुराज सिंह।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा बाजार नसरुल्लाह खां के नवीन परिसर का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक ऋतुराज सिंह द्वारा किया गया। नवीन परिसर राजद्वारा में गोयल गैस एजेंसी के निकट स्थित है।

उद्घाटन समारोह के दौरान ऋतुराज सिंह ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करते हुए इनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवीन परिसर के माध्यम से क्षेत्र के ग्राहकों को सभी परम्परागत एवं आधुनिक बैंकिंग सुविधाएँ ओर अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध होंगी। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्र के समग्र विकास एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर हरनंदन प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक, परिसर प्रबंधक पियूष साहू, शाखा प्रबंधक गीतिका कुशवाह, भवन स्वामी वीरेंद्र गोयल सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शीघ्र दुरुस्त कराए जाए वाटर कूलर

**चन्दौसी।** नगर पालिका के सभासद तरुण नीरज ने अधिशासी अधिकारी को गर्मी का मौसम आरंभ होने पर पुराने लगे वाटरकूलर की मरम्मत, टैंक सफाई एवं वाटर फिल्टर चेक कर ठंडा शुद्ध पानी शुरु कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर वर्तमान में खराब स्थिति में है या ठंडा पानी नहीं दे रहे हैं। उनके वाटर टैंकों की सफाई भी बहुत समय से नहीं हुई है। वाटर फिल्टर भी पुराने हो चुके हैं। भीषण गर्मी के मौसम में आजमन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। यदि समय रहते इनकी मरम्मत एवं सफाई नहीं कराई गई तो जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सभी खराब वाटर कूलरों की मरम्मत कराई जाने, टैंकों, फिल्टर आदि की सफाई करा शीघ्र शीतल जल चालू कराए की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनहित में त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे नागरिकों के साथ पालिका प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# महिलाओं का सम्मान, नारी शक्ति की 'रोड' शो

## भाजपा नगर मंडल की ओर से किया गया रैली का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी के नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल की ओर से बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

बुधवार को स्टेशन रोड स्थित गांधी पार्क से रैली का आरंभ किया गया। रैली फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, घंटाघर, ब्रह्म बाजार होते हुए कैथल गेट पर बारहसैनी धर्मशाला पर पहुंच संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के समय में महिलाओं के हाथों पार्टी के झंडे, राष्ट्रीय ध्वज थे। पालिकाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक लता वार्ष्णेय ने कहा कि नारी शक्ति देश की प्रगति की आधारशिला है और भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति प्रतिबुद्ध रही है। हिमानी अग्रवाल ने सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रतिभा चौधरी ने मोदी सरकार में महिला सुरक्षा, सम्मन एवं स्वावलंबन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर आशा गोस्वामी, शीला सागर, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, तरुण नीरज, मंजू दिलेर, मोक्षिका शर्मा, उमा श्रीवास्तव, राजश्री अग्रवाल, अदिति, पूनम, रचना, शिल्पी, प्रियंका, वर्षा, शिप्रा, रागिनी, मोनिका, मधु, खुशी, बृजबाला, कल्पना, सोनिका, सविता, एकता, मीनू, अंशु, प्रिया, रजनी, सीमा, वंशिका, प्रीति, आभा, अनामिका, ज्योति, अभिनव शर्मा, चंद्रपाल सिंह, रोहित दिवाकर, अमन कोरी, राजकुमार ठाकरे, मनोज कठेरिया, अंकुल देव आदि मौजूद रहे।



भाजपा नगर मंडल की ओर से रैली निकालती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

## उन्नति चौधरी की गौरवशाली उपलब्धि

**चन्दौसी।** लखनऊ स्थित गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 कार्यक्रम में संभल जिले की चंदौसी नगर क्षेत्र के आवास विकास मयूर विहार निवासी उन्नति चौधरी ने प्रतिभाग करके अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। केंद्र सरकार के विकसित भारत 2047 के संकल्प को आगे बढ़ाने और युवाओं की नीति निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में माक संसद के दौरान उन्नति चौधरी ने संचार मंत्री की भूमिका निभाते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में प्रभावशाली विचार रखे। अपने विस्तृत संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र की असली ताकत उसकी समावेशी भागीदारी में होती है, और जब तक महिलाओं को नीति निर्माण में समान अवसर और प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। क्षेत्रीय निदेशक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश से चयनित 40 महिला प्रतिभागियों ने माक संसद में हिस्सा लिया, जिसमें 30 ने मंत्री और 10 ने सांसद की भूमिका निभाई। यह पूरा सत्र वास्तविक संसदीय प्रक्रियाओं पर आधारित था, जिसमें बहस, समयबद्ध भाषण और अंत में वॉइस वोट के माध्यम से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में बबीता चौहान तथा बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। इस दौरान प्रतिभागियों को मनसुख मांडविया से संवाद करने का अवसर भी मिला और उन्होंने वर्चुअल प्रधानमंत्री इंटरेक्शन सत्र में भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। मुरादाबाद मंडल के डिप्टी डायरेक्टर (माई भारत) अंकित कुमार गौर तथा संभल की नोडल अधिकारी डा. रीता सिंह ने उन्नति चौधरी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। उन्नति चौधरी की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि आज की युवा पीढ़ी न केवल जागरूक है, बल्कि देश के विकास और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।


माक संसद में आयोजित कार्यक्रम में उन्नति चौधरी को सम्मानित करते।

## राजेंद्रा एकेडमी का रहा शानदार परीक्षा परिणाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 15 अप्रैल 2026 बुधवार को कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें राजेंद्रा एकेडमी, भीकनपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र सिद्धांत सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हिफजा खान ने 95.2 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और खुशी विश्नोई ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार में छात्रों की इस सफलता को लेकर खुशी का माहौल है।

# ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आगरा के परशुराम चौक पर हुई कथित अभद्रता के विरोध में नगर के ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखने को मिला। बुधवार को ब्राह्मण शक्ति संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित होकर तहसील पहुंचे और तहसील के मुख्य गेट पर आगरा प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में आगरा के परशुराम चौक पर हुई घटना का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई, यहां तक कि बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग उठाई गई। संगठन के संरक्षक बनवारी लाल पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज का लगातार किसी न किसी रूप में अपमान हो रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। विकास मिश्रा ने सवर्ण आयोग के गठन की मांग रखी। मुकेश गौड़ ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि यदि दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो उत्तर प्रदेश के प्रत्येक शहर और कस्बे में ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जो व्यापक और उग्र होगा। इस दौरान बनवारी लाल पाठक, मुकेश गौड़, विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा, सचिन मिश्रा, सचिन शर्मा, राजेश शर्मा, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, विनीत शर्मा, अविरल शर्मा, निशांत शर्मा, पराग शर्मा, योगेश भारद्वाज, अवनीश शर्मा, ओम शर्मा आदि मौजूद रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण समाज के लोग।

## ट्रैक्टर की टक्कर से महिला गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी महिला सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार नीतू पत्नी सोनू कुमार निवासी धामपुर की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व हसनपुर में हुई थी। वह बुधवार को अपने पिता बृजपाल सिंह के घर दवाई लेने आई थी। बताया गया कि सुबह लगभग 9 बजे वह अपने भाई दिव्यांशु के साथ बाइक से वापस अपने घर जा रही थी। जैसे ही वे भीकनपुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ईंटों से भरे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और नीतू गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया।

# डीजे की धमक से कांच टूटा, युवक हुआ घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** डा. आंबेडकर शोभायात्रा निकलने के दौरान मंगलवार को शोभायात्रा निकल रही थी। तभी फड़याई बाजार में दुकान के ऊपर लगा कांच नीचे आ गिरा। जो पिता के साथ जा रहे युवक के सिर में गिर गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार निजी हास्पिटल में चल रहा है।


घायल नैतिक गुप्ता।

मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई थी। जिसमें झांकियों के साथ-साथ कई डीजे भी शामिल थे। दोपहर को मोहल्ला हाथी खाना निवासी नैतिक गुप्ता पुत्र अनुज गुप्ता अपने घर से बड़ा बाजार किसी कार्य से जा रहे थे। जब वह फड़याई बाजरा स्थित अन्नपूर्णा कंफेक्शनरी के पास पुहंचे तो डीजे की धमक से ऊपर से कांच का बड़ा टुकड़ा टूटकर नीचे खड़े नैतिक के सिर पर गिरा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। इसके अलावा शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शोभायात्रा में निकलने वाले तेज आवाज व साउंड वाले डीजे हादसे का सबब बनने लगे हैं।

## संक्षेप समाचार


पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर विवादों का निस्तारण करतीं पुलिस।

### समझौते के आधार पर दो परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्स सुलह समझौता केंद्र की बैठक परामर्श केंद्र प्रभारी रुकम पाल सिंह की देखरेख में गोशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति–पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां 13 पत्रावलियों को सुना गया, जिसमें दो परिवारों का समझौता कराया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, रुचि, होमगार्ड करुणा आदि मौजूद रहे।



जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति के बैठक में महिला पदाधिकारी।

### जरुरतमंद कन्या को दिया विवाह का सामान

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला नवशक्ति की पदाधिकारियों ने एक जरुरतमंद कन्या के विवाह में कुछ आवश्यक सामान देकर सहायता की। बुधवार को रामस्वरूप रोड पर जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नवशक्ति की बैठक का आयोजित हुई। जिसमें जरुरतमंद कन्या को विवाह के लिए साड़ियां, सूट, जेंट्स कपड़े, पंखा, पर्स, मेकअप किट, क्रोकरी, रुपये आदि सामान दिया गया। साथ ही अग्रिम वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सपना गुप्ता, मीरा दुबे, शुभ्रा शर्मा, माधुरी शर्मा, सपना गुप्ता, रचना गुप्ता, बविता अग्रवाल, रश्मि वर्मा, प्रिया मखीजा, मेघा शर्मा, खुशबू शर्मा, शालिनी वैश्य, साधना शर्मा, कांता शर्मा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।


जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### समारोह पूर्वक मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**चन्दौसी।** डा. भीमराव आंबेडकर जयंती को लेकर ग्राम अकबरपुर चितौरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जनसमूह को शपथ दिलाई कि हम बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलेंगे। अन्याय, भेदभाव व शोषण के विरुद्ध संघर्ष करेंगे तथा अपने समाज को सशक्त, जागरुक व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेंगे। इस अवसर पर विनीत कुमार, मनीष कुमार, वीरपाल सिंह, अजय कश्यप आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव मौलागढ़ के मझरा मौजमपुर में बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गयआ। जिसमें उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। विमलेश कुमारी ने कहा कि बाबा साहब ने हमें शिक्षित होने व अपने हक के लिए लड़ने का अधिकार दिया है। आज संविधान पर जो खतरा मंडरा रहा है, उससे लड़ने के लिए हमें समाजवादी पार्टी और पीडीए के हाथों को मजबूत करना होगा।

### जरुरतमंद कन्या के विवाह में दिए उपहार

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में बुधवार को श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल की ओर से एक जरुरतमंद कन्या के विवाह के लिए उपहार व घरेलू सामान भेंट किया गया। जिसमें साड़ी, कपड़े, बेडशील, बर्तन आदि शामिल रहे। सभी सदस्यों ने कन्या के विवाह में सहयोग किया। इस अवसर पर इंदु अग्रवाल, प्रज्ञा अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

# वायरल वीडियो को लेकर सौंपा शिकायती पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विश्व हिंदू परिषद ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में कहा है कि मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई थी। कुछ शरारती तत्वों द्वारा हिंदू विरोधी नारेबाजी की गई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे हिंदू समाज रोष व्याप्त है। विहिप के पदाधिकारियों ने वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र देने वालों में आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, यश शर्मा, अभिनव भारद्वाज, देव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की है। साथ ही तहसील गेट पर प्रदर्शन किया।

भाकियू संघर्ष के पदाधिकारियों का कहना है कि सीकरी गेट पर ठेकेदार द्वारा डाली गई सड़क अगले ही दिन उखड़ गई। जो निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही एवं गुणवत्ता की कमी को दर्शाता है। इसलिए संबंधित ठेकेदार का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए। उसकी सिक्योरिटी जब्त की जाए एवं उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। जिससे भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो सके।


तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू संघर्ष के पदाधिकारी।

> ▶ भारतीय किसान यूनियन संघर्ष ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

कहा कि प्रशासन चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर आवास विकास का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं किया जाता गया तो संगठन संभल गेट मार्ग पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष रजत सिंह, अम्बर चौहान, हिमांशु गुप्ता, अजय सैनी, शेखर यादव, मलिक, योगेंद्र कुमार, पंकज गौतम, दीपक शर्मा, अक्षय कुमार, सुनील यादव, नरेश पाल, रामबाबू, ब्रजवासी, पंकज, हरिओम, आमिर, हाजी राशिद आदि मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीएसआई रामकुमार सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शा, बसों और ठेलों को हटवाया। अधिकारियों ने दुकानदारों और वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी कि सड़क पर कब्जा करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों की शिकायतों पर की गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया गया, तो चालान के साथ-साथ बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 86 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील सभागार में तहसीलदार राजकुमार सिंह ने जनगणना कार्य हेतु सुपरवाइजरों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से डायट परिसर में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी 86 सुपरवाइजरों को जनगणना की बारीकियों और पर्यवेक्षण के गुर सिखाए जाएंगे। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न होना चाहिए। इस वृहद अभियान में 512 कर्मियों को लगाया गया है, जिनमें शिक्षक, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशिक्षण और कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**समारोह** — 'शिक्षित बनो–संगठित रहो' के संकल्प के साथ बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस के अवसर पर नगर के बदायूं रोड स्थित नेताजी मुलायम सिंह यादव पुस्तकालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक चेतना, शिक्षा और समानता का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यापर्ण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें देव डुडेजा, पीयूष वार्ष्णेय, तनिष्का प्रजापति, दिव्यांश, अभिषेक कुमार, सृष्टि कुमारी, हैरी वाल्मीकि, शिवानी शर्मा, शिखा पाराशरी शामिल रहे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी और जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने संयुक्त रूप से मेडल पहनाकर सभी प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था, जो बाबा साहब के शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश को जीवंत करता दिखा। सुभाष वाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहब द्वारा स्थापित संविधान और सामाजिक न्याय की नींव को कमजोर करने की हर कोशिश का डटकर मुकाबला किया जाएगा। उन्होंने इसे केवल जयंती नहीं, बल्कि समानता और अधिकारों की रक्षा का संकल्प दिवस बताया। वक्ताओं ने समाज के सभी वर्गों,दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित को एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देने की जरूरत पर बल दिया गया। इस दौरान उमेश चंद्र यादव, संजय मदान, शोभित कुमार, राजेश चौहान एड, उमेश चंद्र दिवाकर, ओम प्रकाश प्रजापति, गगन कुमार, बेद प्रकाश, मदन लाल चौहान, राजेश दिवाकर आदि रहे।


डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते पार्टी के पदाधिकारी।

### बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**चन्दौसी।** डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती ग्राम पंचायत मौलागढ़ में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। बुद्धवार को बाबा साहब की जयंती के अवसर निकाली गई शोभायात्रा आरंभ ग्राम प्रधान भूरे सिंह व कमेटी जन्मोत्सव समारोह समिति के पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में बाबा साहब, महात्मा बुद्ध, महर्षि वाल्मीकि सहित अनेक झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा में डीजे की धुनों पर युवक नृत्य करते चल रहे थे। युवाओं व बच्चों के हाथों में नीले झंडे थे। शोभायात्रा मौलागढ़ जनेटा बस्ती से आरंभ होकर बहजोई रोड, अंबेपुरम कालोनी होते हुए आंबेडकर पार्क पर पहुंच संपन्न हुई। यहां अतिथियों द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए गए। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, हुकुम सिंह, कपिल देव, अखिलेश कुमार, दलवीर सिंह, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

एक नजर

## ट्रक और कैंटर की भिड़ंत में सिहाली जागीर के युवक की मौत

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में उस समय मातम पसर गया, जब वाराणसी से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई। यहां ट्रक और कैंटर के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद हसन 35 वर्षीय गांव निवासी अपने साथी आजम के साथ 8 दिन पूर्व बिहार के लिए कैंटर गाड़ी में सामान भर कर गया था। बिहार से लौटते समय मंगलवार की देर रात उनकी कैंटर गाड़ी व ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान मोहम्मद अली ने दम तोड़ दिया। वहीं, आजम की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। मोहम्मद अली की मौत की सूचना गांव पहुंची, तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बेटे को रोटी भी लगता छोड़ गया है। खबर लगते ही परिजन घटनास्थल को रवाना हो गई है।

# विचारों से ही समाज का नवनिर्माण

## गोष्ठी में भारी संख्या में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय


विचार गोष्ठी में उपस्थित अतिथि एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों और उनके जीवन दर्शन पर आधारित एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन मंगलवार की देर रात्रि किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में डॉ. अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता और उन्हें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर जोर देना था। गोष्ठी में भारी संख्या में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता शीशराम सिंह ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा,बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक वर्ग के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे मानवता के पथ-प्रदर्शक थे। उन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा को हथियार बनाकर भारतीय समाज को एक नई और प्रगतिशील दिशा प्रदान की। आज समय की मांग है कि हम उनके सिद्धांतों को केवल नारों तक सीमित न रखें, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करें।" उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब के संघर्षों को पढ़ें और उनके मूल्यों को अपने चरित्र में ढालें।मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी चन्द्रपाल सैनी ने बाबा साहब के तीन महान सूत्रों शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो'—की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। बच्चों को बचपन से ही महापुरुषों के विचारों से अवगत कराना चाहिए ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।युवा नेता विपिन कुमार सागर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शिल्पकार हैं। उनके द्वारा रचित संविधान ने ही दबे-कुचले और वंचित समाज को सिर उठाकर जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की तरक्की का रास्ता बाबा साहब के दिखाए गए समतावादी सिद्धांतों से ही होकर गुजरता है।विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कानूनगो नन्हे सिंह आर्य ने की एवं संचालन संयुक्त रूप से अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम एवं एडवोकेट चमनलाल ने किया।

इस अवसर पर अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, महेंद्र सिंह आर्य, सुशील भगत जी,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुदित गुर्जर, डॉ टीपी सिंह,समाजसेवी जैनुल आबेदीन,हीरा सिंह, डॉ. नरेश कुमार, महिपाल सिंह, प्रोफेसर ओंकार सिंह, इंजीनियर विजय प्रताप सिंह, डॉ अफसर अली,रूबी कौसर, विशाल चौधरी, रोहताश सिंह, अरविंद अन्ना, अशोक कुमार राणा,अजब सिंह एडवोकेट, लवी सागर, दिनेश जाटव, दिनेश गौतम, करणवीर सिंह, सुरेश चंद्र, मनोज कुमार, सतेंद्र पाल एडवोकेट, बोबी लेखपाल,मदनपाल, जगवीर सिंह मौर्य आदि उपस्थित रहे।


अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर। -जागरण मोर्चा

## अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर, राजस्व टीम ने की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आदमपुर में अवैध कॉलोनियों और बिना अनुमति हो रहे निर्माणों के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार गांव आदमपुर में संभल रोड पर स्थित अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई।

राजस्व विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि संभल मार्ग पर डालचंद प्रधान द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के अवैध रूप से प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश चौधरी और चकबंदी लेखपाल अमित चौधरी पुलिस बल व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से किए गए निर्माणों और बाउंड्री वॉल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। राजस्व अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या प्लॉटिंग स्वीकार्य नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा रही और कॉलोनाइजरों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।


महिलाओं को समझाते हुए एसडीओ विद्युत। -जागरण मोर्चा


विद्युत विभाग के खिलाफ जुलूस निकलती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

# स्मार्ट मीटर पर नारी शक्ति का हल्लाबोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर उतर आईं और स्मार्ट मीटर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग अत्यधिक आ रही है, जिससे उन्हें भारी-भरकम बिजली बिल चुकाने पड़ रहे हैं। उनका कहना है कि पहले की तुलना में अब बिल कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। महिलाओं ने महंगाई का हवाला देते हुए कहा कि पहले से ही घरेलू खर्च बढ़े हुए हैं, ऐसे में स्मार्ट मीटर की वजह से अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। गुस्साई महिलाओं ने गजरौला मार्ग पर लगभग आधे घंटे तक जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।जाम के चलते सड़क पर लंबी कतारें लग गईं और भीषण गर्मी में राहगीरों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगी। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर यातायात बहाल करा दिया है। प्रदर्शन करने वालों में रिंकी, गेंदा, प्रीति, कमलेश, सरोज, सरिता, रीना, माया, राधा, उषा, कविता, रानी, विमला, मंजू, उर्मिला, आशा आदि महिलाएं मौजूद रही।

## अनमोल ने 95% अंकों के साथ विद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ कक्षा 10वीं के परिणाम में मेधावियों का जलवा, प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने नवाजा

**हसनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित एचएसएस पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्सव का माहौल बन गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत के दम पर सफलता के झंडे गाड़ते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

परीक्षा परिणाम में अनमोल सैनी ने 95% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्क भगर (93.2%) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रिया कुशवाहा, अबीरा इमरान और विदुषी अग्रवाल ने 92% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य मेधावियों में धीरज (91.8%), एंजेल व उत्कर्ष (91.6%), आयुष (90.8%), मानवी (90.4%) और शिवम (90%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

संक्षेप समाचार


सनातन जागरण मंच ने बनाई बाबा साहब की जयंती। -जागरण मोर्चा

### बाबा साहब की मनाई गई जयंती

**हसनपुर।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती सनातन जागरण मंच के द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मंगलवार की रात्रि सनातन जागरण मंच के संरक्षक महिपाल सिंह के आवास पर सनातन जागरण मंच की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब की जयंती मनाना था। बैठक में सर्वप्रथम सभी पदाधिकारी द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया, इसी के साथ बैठक में वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में सनातन जागरण मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैसाखी पर गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान, श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**हसनपुर।** नगर स्थित गुरुद्वारे में बैसाखी पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर शबद-कीर्तन की मधुर वाणी से गूंज उठा और संगत ने बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरु घर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। बुधवार को बैसाखी महापर्व के अवसर पर नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित गुरुद्वारे में स्थापित निशान साहब को नए वस्त्र पहनाए गए और विधिवत अरदास की गई। रागी जत्थे ने गुरुवाणी का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शबद-कीर्तन के दौरान संगत भाव-विभोर नजर आई। बैसाखी के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों ने पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ संगत की सेवा की। इस अवसर पर महेंद्र चावला, हरजीत चावला,चरणजीत सिंह, मंजीत सिंह, हरजीत सिंह, बबलू, डिंपी, देव महंत, विक्रम महंत, लवकेश महंत, हरजीत चावला, विकास अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, सर्वेश, टीटू आदि मौजूद रहे।


गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। -जागरण मोर्चा

### गैस एजेंसी पर लग रही उपभोक्ताओं की भीड़

**हसनपुर।** रसोई गैस के लिए इंतजार बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। नगर में गैस की खेप एक एजेंसी पर न पहुंचने से उपभोक्ता एजेंसियों के चक्कर लगाते रहे। इस दौरान केवाईसी और बुकिंग के लिए एजेंसी दफ्तरों में भीड़ लगी रही। वहीं एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। बुधवार को नगर स्थित तीनों एजेंसियों पर गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही, उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी पहुंचकर बुकिंग एवं केवाईसी कराई जा रही है।एजेंसी संचालकों का दावा है कि बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को सिलिंडर दिए जा रहे हैं। पूर्व में रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण भी उपभोक्ताओं को बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ी। ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार पहुंचे उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर का वितरण भी किया जा रहा है। उसके बावजूद गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। इससे कर्मचारी भी परेशान है।

### मछरई में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हसनपुर।** क्षेत्र के गाव गाव मछरई में बुधवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नौगावां विधानसभा उपाध्यक्ष जुबेर अहमद खान के सौजन्य से लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।शिविर में आएं चिकित्सको की टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, बीपी, शुगर और अन्य सामान्य बीमारियों की निशुल्क जांच की। जांच के उपरांत मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान ग्रामीणों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए परामर्श दिया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति या गंभीर रोग के उपचार के लिए वे श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी अस्पताल में संपर्क करें, जहां बेहतर और संतोषजनक इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर जुबेर अहमद खान, मोहम्मद जमीर अहमद खान, मोहम्मद जहूर खान, नवाजिश खान, शाबान खान और गुड्डू खान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा की विदाई तय: सिद्दीकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर/गजरौला।** अमरोहा के बाईपास मार्ग पर सपा नेता बदर कुरैशी के आवास पर पीडीए चौपाल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने संगठन विस्तार और पीडीए रणनीति पर जोर दिया। अमरोहा से चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान केवल संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और समाजवादी विचारधारा फैलाने पर है। इस दौरान बदर कुरैशी सहित यूसुफ कुरैशी, रविशंकर शर्मा, चंद्रपाल सैनी, नवल जाटव, शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब और अंशु त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**वहीं गजरौला में** सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने गुरु गोविंद सिंह नगर में आयोजित पीडीए पंचायत में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा शासन से असंतुष्ट है और बदलाव चाहती है। सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं से सभी 403 सीटों पर सपा को मजबूत करने का आह्वान करते हुए दावा किया कि आगामी चुनावों में भाजपा की विदाई तय है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक फरहत हसन उर्फ हाजी शब्बन, बछरायूं चैयरमैन हाजी राहत हसन, जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति भूपेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुऽ अशोक चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, विपिन कौशिक, अमन चौधरी, चंद्रपाल सैनी, सचिन चौधरी, महाराज सिंह, जिताम्बर सिंह यादव, कामिल मंसूरी राजेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'जनमुद्दों की प्रखर आवाज है रालोद'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि 2027 के चुनाव में रालोद और एनडीए की सरकार उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है। रालोद लगातार जनता से जुड़े मुद्दों के लिए काम करती है। केंद्र और प्रदेश सरकार भी रालोद द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई करती है।

बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के टीचर्स कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में त्रिलोक त्यागी ने कहा कि, मौजूदा वक्त में भी रालोद और एनडीए की सरकार है और आने वाले 2027 के चुनावों में भी राष्ट्रीय लोकदल आगामी विधानसभा चुनावों में रालोद और एनडीए की सरकार बनेगी। कहा कि रालोद ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कुछ समय पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर रालोद के प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना मूल्य 400 रूपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि रालोद मजदूरों के साथ है और केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारें भी मजदूर हितैषी हैं, तभी प्रदेश सरकार ने कुछ ही घंटों में नॉएडा के मजदूरों के हित में निर्णय लेकर वेतन वृद्धि की। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, पुष्पराज चौधरी, इरकान अली, हरपाल सिंह, दिनेश शर्मा, संजय गोयल और राजन अग्रवाल आदि रहे।

'विश्वमंथन'

इंग्लैंड, मलेशिया और मालदीव के दिग्गजों ने बताया फिजियोथेरेपी में तकनीक का महत्व

# टीएमयू में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की 'हाई-टेक' फिजियो चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस फिजियोविज़न 1.0 के समापन समारोह में नवीनता पुनर्वास उत्कृष्टता से मिलती है थीम पर देश-विदेश के दिग्गजों ने विशेषज्ञ आधुनिक प्रगति, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित उपचार के एकीकरण पर अपने अनुभव साझा किए। अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने चिकित्सा जगत की वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधानों पर गहराई से चर्चा की। पुनर्वास विज्ञान विभाग मालदीव से डॉ. उज्मा सैयद ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में दक्षता और योग्यता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, बेहतर उपचार के लिए पेशेवर दक्षता बेहद अनिवार्य है। मेडिसिन और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, मलेशिया से डॉ तरुण अमलनेकर ने पार्किंसंस रोग के वैश्विक प्रसार पर गंभीर आंकड़े प्रस्तुत करते हुए इसके प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। मेडेनहेड- इंग्लैंड के निदेशक डॉ. सोहराब शर्मा ने मैनुअल थेरेपी के आधुनिकीकरण पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने स्पष्ट किया, मैनुअल थेरेपी केवल शारीरिक संरचना को ठीक नहीं करती है, बल्कि यह शरीर के पूरे सिस्टम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। दूसरी ओर अतिथियों ने कम्युनिटी हेल्थ पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया।

बीजेएम हेल्थ की मुख्य सलाहकार फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. भावना आनंद ने क्लिनिक से क्लाउड तक बीजेएम हेल्थ के जरिए फिजियोथेरेपी को पुनर्परिभाषित पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा, अब डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके मरीजों को दूरस्थ रूप से भी बेहतर उपचार प्रदान किया जा सकता है। डॉ. आनंद ने बताया, बीजेएम हेल्थ की मदद से मरीज के प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर उनकी एक्सरसाइज को रिकॉर्ड किया जा सकता है, जिससे उपचार की सटीक निगरानी और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल को फर्स्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए साधुवाद देते हुए उम्मीद जताई, यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी स्टुडेंट्स, रिसर्चर्स और फैकल्टीज़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मेहमानों को स्मृति भेंट किए गए। दो दिनी कॉन्फ्रेंस में 86 उच्च-स्तरीय शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें फिजियोथेरेपी के विभिन्न क्षेत्रों- न्यूरो रिहैबिलिटेशन, मस्कुलोस्केलेटल विकार, खेल चोटें, ऑपरेशन के बाद पुनर्वास, डिजिटल स्वास्थ्य और आधुनिक उपचार तकनीकों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, डॉ. नंद किशोर शाह, डॉ. हरीश शर्मा, हिमानी, कंचन खोलिया, प्रिया शर्मा, प्रतिभा सिंह, सिमरन सक्सेना आदि की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से हलवाई की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** चांदपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार एक हलवाई की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान अवंतिका नगर निवासी कमल प्रजापति (28) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, कमल अपने साथी किशन और राहुल के साथ फीना गांव में एक जन्मदिन समारोह से खाना बनाकर रात करीब 12 बजे घर लौट रहे थे। सकरथली गांव के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कमल को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

संपादकीय

# चीन की संबंधों में नरमी, रणनीति या मजबूरी

भारत-चीन संबंधों में हालिया नरमी सतह पर भले ही सकारात्मक संकेत देती हो, लेकिन इसकी गहराई में जटिल भू-राजनीतिक गणित छिपा है। चीनी नेतृत्व लगातार यह जता रहा है कि दोनों देशों के साझा हित, मतभेदों से अधिक हैं। परंतु यह कथन जितना कूटनीतिक है, उतना ही रणनीतिक भी है। वैश्विक व्यवस्था में बिखराव और महाशक्तियों के बीच बढ़ती अनिश्चितता ने चीन को अपने दृष्टिकोण में लचीलापन दिखाने के लिए प्रेरित किया है। वास्तव में, चीन का बदला हुआ रुख केवल सौहार्द का संकेत नहीं, बल्कि एशिया में शक्ति संतुलन रखने की एक सोची-समझी चाल है। वह नहीं चाहता कि भारत पूरी तरह अमेरिका-नेतृत्व वाले खेमे की ओर झुक जाए। इसलिए साझा हितों और संवाद की भाषा से वह भारत के साथ संतुलन बनाने का प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर, भारत भी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखने किसी एक धुरी पर निर्भर रहने से बच रहा है। चीन की गतिविधियां यह संकेत देती हैं कि उसकी रणनीति बहुस्तरीय है। 'मलक्का दुविधा' इसी रणनीतिक सोच का प्रमुख उदाहरण है, जहां चीन को आशंका है कि किसी संभावित संघर्ष की स्थिति में उसकी ऊर्जा आपूर्ति बाधित हो सकती है। हिंद महासागर में भारत की मजबूत स्थिति और मलक्का जलडमरूमध्य के निकट उसकी भौगोलिक बढ़त, चीन के लिए चिंता का विषय है। आर्थिक दृष्टि से भी यह संबंध जटिल है। भारत के लिए चीन को पूरी तरह नजरअंदाज करना व्यावहारिक नहीं, क्योंकि विनिर्माण और तकनीकी क्षेत्रों में उसकी भूमिका अहम है। हालांकि, यही निर्भरता भविष्य में रणनीतिक कमजोरी भी बन सकती है, यदि संतुलन नहीं साधा गया। स्पष्ट है कि यह नरमी विश्वास का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों की उपज है। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक है कि वह भावनात्मक नहीं, बल्कि यथार्थवादी नजरिया अपनाए और अपने दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए सचेत व संतुलित रणनीति पर आगे बढ़े।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में नई शुरुआत

दक्षिण एशिया की राजनीति में पड़ोसी देशों के बीच संबंध केवल भौगोलिक निकटता का प्रश्न नहीं होते, बल्कि वे इतिहास, संस्कृति, सुरक्षा और सामरिक हितों की जटिल परतों से निर्मित होते हैं। ऐसे में जब खलीलुर रहमान की तीन दिवसीय भारत यात्रा हुई, तो इसे महज एक औपचारिक कूटनीतिक दौरे के रूप में नहीं, बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में आई ठंडक के बाद एक नई शुरुआत के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। पिछले डेढ़ वर्ष से दोनों देशों के रिश्तों में जो ठहराव आया था, वह किसी एक कारण का परिणाम नहीं था। अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार का पतन और उसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम व्यवस्था का उदय, इस बदलाव का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। इस राजनीतिक उथल-पुथल ने न केवल बांग्लादेश के भीतर अस्थिरता पैदा की, बल्कि भारत के साथ उसके संबंधों को भी प्रभावित किया।

अब तारिक रहमान के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के साथ ही परिदृश्य बदलता दिखाई दे रहा है। भारत ने रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेकर स्पष्ट संकेत दिया है कि वह नए नेतृत्व के साथ सकारात्मक संवाद की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। इसी क्रम में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान की भारत यात्रा को दोनों देशों के रिश्तों के पुनर्संयोजन की एक ठोस पहल माना जा रहा है। इस यात्रा के दौरान खलीलुर रहमान ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से विस्तृत बातचीत की। इन बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, वे केवल औपचारिक एजेंडे तक सीमित नहीं थे, बल्कि दोनों देशों के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख विषयों को समाहित करते हैं। वीजा सेवाओं की बहाली, सीमा प्रबंधन को सुदृढ़ करना, ऊर्जा सहयोग का विस्तार और व्यापार को सुगम बनाना, ये सभी ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर ठोस प्रगति दोनों ही देशों के नागरिकों के जीवन पर प्रत्यक्ष प्रभाव डाल सकती है।



वीजा सेवाओं की पूर्ण बहाली का निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल लोगों के बीच आवागमन आसान होगा, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को भी नई गति मिलेगी। सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का संकल्प भी दोनों देशों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि साझा सीमाएं केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और स्थिरता के प्रश्नों से भी जुड़ी होती हैं। ऊर्जा सहयोग के संदर्भ में बांग्लादेश द्वारा भारत से अतिरिक्त डीजल और पेट्रोल की मांग यह बताती है कि भारत को इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। यदि इस दिशा में सकारात्मक प्रगति होती है, तो यह दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को और मजबूत कर सकती है।

हालांकि, कुछ संवेदनशील मुद्दे भी मौजूद हैं, जो संबंधों की जटिलता को रेखांकित करते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है शेख हसीना का भारत में रहना। अगस्त 2024 के बाद से उनका भारत में होना और बांग्लादेश की नई सरकार द्वारा उनकी वापसी की मांग, एक ऐसा विषय है जिस पर भारत ने अभी तक कोई स्पष्ट सार्वजनिक रुख नहीं अपनाया है। यह मुद्दा आने वाले समय में कूटनीतिक संतुलन की एक महत्वपूर्ण परीक्षा बन सकता है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम के बीच कुछ संकेत ऐसे हैं जो विश्वास बहाली की दिशा में आशा जगाते हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रधानमंत्री तारिक रहमान द्वारा अपने क्षेत्र के पांच मंदिरों के लिए 6.5 करोड़ टका की सहायता की घोषणा को भारत ने सकारात्मक दृष्टि से देखा है। तारिक का यह कदम न केवल बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता को बताता है, बल्कि भारत के साथ भरोसे के पुल को भी मजबूत करता है।

दरअसल, भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल कूटनीति तक सीमित नहीं हैं; वे साझा इतिहास, भाषा और सांस्कृतिक निकटता से भी जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि जब इन संबंधों में खटास आती है, तो उसका प्रभाव दोनों समाजों पर पड़ता है और जब सुधार की प्रक्रिया शुरू होती है, तो वह केवल सरकारों के स्तर पर नहीं, बल्कि जन-जन के स्तर पर भी महसूस की जाती है। खलीलुर रहमान की यह यात्रा इसी व्यापक संदर्भ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केवल अतीत की दूरी को पाटने का प्रयास नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। यदि दोनों देश आपसी सम्मान, विश्वास और व्यावहारिक सहयोग के सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हैं, तो यह संबंध न केवल स्थिरता प्राप्त करेंगे, बल्कि क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के लिए भी एक उदाहरण बन सकते हैं।

■ जसवंत सिंह राजपूत

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय आप से सामान्य होने जा रहा है, तनाव परेशानी और चिंता दूर होगी, परंतु काम-काज साधारण रहेगा।
- **वृषभ राशि**:- आपका राशि स्वामी आपकी भरपूर सहायता करेगा, आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से बनेंगे।
- **मिथुन राशि**:- ग्रहों का साथ आज दोपहर तक ही आपको प्राप्त होता रहेगा, जितने जरूरी काम हैं दोपहर तक अवश्य कर लें।
- **कर्क राशि**:- सितारों की चाल आज से बेहद शानदार बन रही है, कार्यक्षेत्र बेहद शुभ बना रहेगा।
- **सिंह राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में यदि कोई काम करना चाहते हैं तो सफलता प्राप्त हो सकती हैं।
- **कन्या राशि**:- समय ठीक है, जरूरी काम सलाह लेकर करें और प्रेम संबंधों से बचें।
- **तुला राशि**:- कल की तुलना में आज का दिन बेहतर साबित होगा, कार्य क्षेत्र में बाधाएं दूर होंगी।
- **वृश्चिक राशि**:- समय की अनुकूलता आज सामान्य ही रहेगी, घरेलू परेशानी और चिंताएं आपको घेर सकती हैं।
- **धनु राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है, मन प्रसन्न रहेगा, कार्य क्षेत्र में एक नई ऊर्जा की अनुभूति होगी।
- **मकर राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, जरूरी काम अभी ना करें, प्रेम -संबंधों से बचें।
- **कुंभ राशि**:- समय की अनुकूलता जारी है, इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने जरूरी काम एक-दो दिन में कर लें।
- **मीन राशि**:- समय आज से बेहद शानदार बन रहा है, सोचे गए काम आसानी से होंगे, प्रेम-संबंध मधुर रहेंगे।

# भोजन संस्कृति का बदलता सामाजिक दृष्टिकोण



भारतीय शादियां कभी सादगी, अनुशासन और सामूहिक संवेदनशीलता का प्रतीक हुआ करती थीं, जहां हर परंपरा के पीछे एक गहरा सामाजिक संदेश छिपा होता था। बदलते समय के साथ यह स्वरूप भले ही बदल गया हो, लेकिन अब एक नई सोच जन्म ले रही है, जो दिखावे से अधिक जिम्मेदारी और अन्न के सम्मान को महत्व देती है।

कभी भारतीय शादियां केवल सामाजिक उत्सव नहीं, बल्कि परंपरा, अनुशासन और संवेदनशीलता का जीवंत प्रतिरूप होती थीं। पंगत में बैठकर भोजन करना केवल खाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अन्न के प्रति सम्मान का संस्कार था। प्रत्येक व्यक्ति उतना ही लेता था जितना वह खा सके और इसमें एक गहरा सामाजिक संतुलन छिपा होता था। लेकिन समय के साथ आधुनिकता ने इस परंपरा को पीछे धकेल दिया और बुफे संस्कृति ने उसकी जगह ले ली। इस बुफे संस्कृति के तहत आज बड़े समारोहों में भरी प्लेटों का अधूरा रह जाना, और अंततः अन्न का कूड़ेदान में जाना, एक सामान्य दृश्य बन चुका है। यह केवल संसाधनों की बर्बादी नहीं, बल्कि उस संवेदनशीलता का क्षरण भी है जो कभी हमारी संस्कृति की पहचान हुआ करती थी। हालांकि, इस चिंताजनक स्थिति के बीच एक सकारात्मक परिवर्तन भी उभर रहा है। अब समाज का एक बड़ा वर्ग यह समझने लगा है कि विवाह केवल दिखावे का मंच नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। इसी सोच ने 'स्मार्ट वेडिंग' या पर्यावरण-संवेदनशील विवाह की अवधारणा को जन्म दिया है। इस नए दृष्टिकोण में भव्यता से अधिक महत्व सजगता को दिया जा रहा है। सीमित और संतुलित व्यंजन, छोटे हिस्सों में परोसना और भोजन के प्रति जिम्मेदार व्यवहार, ये सब इस परिवर्तन के संकेत हैं। यह बदलाव केवल व्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि मानसिकता में हो रहा है।

**इस** परिवर्तन की पृष्ठभूमि में कुछ कठोर सच्चाइयां भी हैं। एक ओर जहां देश में लाखों लोग आज भी भोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शादियों में टनों अन्न व्यर्थ चला जाता है। यह विरोधाभास समाज को आत्ममंथन के लिए विवश करता है। इसी कारण अब विभिन्न संस्थाएं और जागरूक समूह भोजन की बर्बादी रोकने के लिए अभियान चला रहे हैं। 'उतना ही लें, जितना खा सकें' जैसे संदेश अब केवल नारों तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार में भी उतरने लगे हैं। कई परिवार अपने आयोजनों में विशेष व्यवस्थाएं कर रहे हैं। कहीं डस्टबिन के पास स्वयंसेवक तैनात हैं, तो कहीं मेहमानों को विनम्रता से जागरूक किया जा रहा है। वेटरों को भी निर्देश दिए जाते हैं कि वे सीमित मात्रा में ही परोसें। कुछ स्थानों पर पारंपरिक पंगत व्यवस्था को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिससे भोजन नियंत्रित मात्रा में परोसा जा सके। इस बदलाव का सबसे मानवीय पहलू है बचे हुए भोजन का सदुपयोग। अब कई आयोजनों में अतिरिक्त भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की पहल की जा रही है।

**यह** प्रयास न केवल अन्न का सम्मान करता है, बल्कि सामाजिक समानता और करुणा का संदेश भी देता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस समस्या का वास्तविक समाधान व्यवहार परिवर्तन में निहित है। जब तक व्यक्ति स्वयं अपनी थाली में संयम नहीं बरतेगा, तब तक कोई भी व्यवस्था पूर्णतः प्रभावी नहीं हो सकती। इसलिए आवश्यक है कि यह जागरूकता एक सामूहिक आदत बने, जिसमें प्रशासन, संस्थाएं और नागरिक, सभी अपनी भूमिका निभाए। दरअसल, 'स्मार्ट वेडिंग' केवल एक चलन नहीं, बल्कि बदलती सामाजिक चेतना का प्रतीक है। जब हमारी खुशियों में दूसरों की जरूरतों का भी स्थान होता है, तभी समाज सच्चे अर्थों में समृद्ध बनता है। वाकई, शादी की असली चमक महंगे पकवानों में नहीं, बल्कि उस भावना में होती है, जहां हर निवाला सम्मानपूर्वक परोसा और ग्रहण किया जाता है।

■ धर्मेंद्र सिंह कर्ण

सेहत/परंपरा



ऑर्गेनिक फूड

# स्वास्थ्य का सच या बाजार का ट्रेंड?

पिछले कुछ वर्षों में ऑर्गेनिक फूड का चलन तेजी से बढ़ा है। सुपरमार्केट से लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक, हर जगह ऑर्गेनिक उत्पादों की भरमार है। लोगों में यह धारणा बन चुकी है कि ऑर्गेनिक भोजन पूरी तरह सुरक्षित, शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक आहार है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में ऑर्गेनिक फूड स्वास्थ्य के लिए वरदान हैंव या यह केवल एक नया उपभोक्तावादी ट्रेंड बन चुका है?

## ऑर्गेनिक फूड क्या है?

ऑर्गेनिक फूड उन खाद्य पदार्थों को कहा जाता है, जिनका उत्पादन बिना रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और जेनेटिक मॉडिफिकेशन के किया जाता है। इसमें प्राकृतिक तरीकों से खेती की जाती है, जैसे जैविक खाद, फसल चक्र और पारंपरिक तकनीकों का उपयोग।



इसके कारण यह माना जाता है कि ऑर्गेनिक फूड में पोषक तत्व अधिक होते हैं और यह शरीर के लिए कम हानिकारक होता है।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वास्तविकता

वैज्ञानिकों का मानना है कि ऑर्गेनिक और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के पोषण स्तर में बहुत बड़ा अंतर नहीं होता। हां, रासायनिक अवशेषों की मात्रा ऑर्गेनिक फूड में कम होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पारंपरिक भोजन पूरी तरह अस्वास्थ्यकर है। सही तरीके से धोकर और पकाकर सामान्य भोजन भी सुरक्षित रूप से खाया जा सकता है। इसलिए केवल ऑर्गेनिक शब्द को स्वास्थ्य का पर्याय मान लेना पूरी तरह सही नहीं है।

## बेहतर विकल्प, पर संपूर्ण समाधान नहीं

ऑर्गेनिक फूड न तो पूरी तरह से मिथक हैं और न ही चमत्कारी समाधान। यह निश्चित रूप से एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो रसायनों से बचना चाहते हैं। लेकिन इसे एकमात्र स्वास्थ्य मंत्र मान लेना उचित नहीं है। संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली ही असली कुंजी है। इसलिए ऑर्गेनिक फूड को समझदारी से अपनाना चाहिए, न कि केवल ट्रेंड के प्रभाव में आकर।

## स्वास्थ्य के लिए संभावित लाभ

ऑर्गेनिक फूड के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क यह दिया जाता है कि इसमें रसायनों का अभाव होता है, जिससे शरीर में विषाक्त पदार्थों का प्रवेश कम होता है। कई शोधों में यह भी पाया गया है कि ऑर्गेनिक फल और सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अधिक हो सकती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इसके अलावा, यह हृदय रोग, कैंसर और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है।

## क्या यह केवल एक ट्रेंड है?

हालांकि, ऑर्गेनिक फूड को लेकर कुछ सवाल भी उठते हैं। सबसे पहला मुद्दा इसकी कीमत है। ऑर्गेनिक उत्पाद सामान्य खाद्य पदार्थों की तुलना में काफी महंगे होते हैं। कई बार यह केवल ऑर्गेनिक टैग के कारण अधिक कीमत पर बेचे जाते हैं, जबकि उनकी गुणवत्ता में बहुत बड़ा अंतर नहीं होता। इसके अलावा, सभी ऑर्गेनिक उत्पादों की प्रमाणिकता भी संदेह के घेरे में रहती है, क्योंकि बाजार में नकली लेबलिंग के मामले भी सामने आते हैं।

# सत्तू लस्सी: परंपरा, पोषण और ठंडक का गजब मिश्रण



अप्रैल का महीना और भीषण गर्मी में शरीर को ठंडक के साथ ऊर्जा देने वाले पेय की तलाश सभी को रहती है। ऐसे में सत्तू लस्सी न सिर्फ एक स्वादिष्ट विकल्प ही नहीं है, बल्कि यह भारतीय परंपरा और वैज्ञानिक सोच का अनूठा संगम भी है, जो सेहत और ताजगी दोनों का भरोसा है।

## सत्तू: भारतीय परंपराओं का अंग

सत्तू भारतीय खानपान की उन प्राचीन परंपराओं में शामिल है, जो समय के साथ और भी प्रगाढ़ हो गई हैं। भुने हुए चने या जौ से तैयार यह पौष्टिक आहार सदियों से ग्रामीण और श्रमशील समाज की ऊर्जा का मुख्य स्रोत रहा है। खासतौर पर उत्तर और मध्य भारत में इसका व्यापक उपयोग देखने को मिलता है।

## इतिहास में मिलता है उल्लेख

इतिहास के अनुसार, सत्तू का उपयोग प्राचीन काल से होता आ रहा है। वैदिक काल में भुने अनाज के सेवन का उल्लेख मिलना इस बात का प्रमाण है। मौर्य काल में सैनिकों के लिए यह एक आदर्श आहार माना जाता था। हल्का, पोषक और लंबे समय तक सुरक्षित रहने वाला यह भोजन यात्रा और युद्ध, दोनों परिस्थितियों में उपयोगी साबित हुआ।

## सत्तू अमावस्या, आस्था और विज्ञान

हिन्दी पंचागानुसार वैशाख माह की अमावस्या को मनाई जाने वाली सत्तू अमावस्या केवल पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने की ऐतिहासिक परंपरा भी है। यह पर्व मुख्यतः मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश व झारखंड जैसे राज्यों में बेहद लोकप्रिय है।

## गर्मी में सत्तू क्यों है सुपरफूड?

सत्तू को गर्मियों के लिए एक प्राकृतिक 'सुपरफूड' माना जाता है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करती है। यह प्रोटीन, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है, जिससे शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। इसके नियमित सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या कम होती है और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बना रहता है। साथ ही, यह पाचन के लिए भी बेहद लाभकारी है, क्योंकि यह हल्का और सुपाच्य होता है। यही कारण है कि गर्मियों में सत्तू का शरबत और लस्सी दोनों ही बेहद लोकप्रिय पेय बन चुके हैं।

## स्वाद और सेहत का मेल

पारंपरिक लस्सी में एक नया और पौष्टिक ट्विस्ट जोड़ना चाहते हैं, तो सत्तू लस्सी एक बेहतरीन विकल्प है। यह न सिर्फ शरीर को ठंडक देती है, बल्कि लंबे समय तक ऊर्जा भी बनाए रखती है। घर आए मेहमानों के लिए भी यह एक अलग और हेल्दी ड्रिंक साबित हो सकती है, जो स्वाद के साथ-साथ सेहत का भी ख या ल र ख ती है।

## लोक-कथाएं भी प्रचलित

लोकमान्यताओं के अनुसार, इस दिन सत्तू का सेवन शुभ माना जाता है। साथ ही, इसे पितरों के तर्पण और अन्न के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर भी माना जाता है। सत्तू बाई को अन्न की देवी के रूप में पूजा जाता है, जो समृद्धि और स्वास्थ्य का प्रतीक मानी जाती हैं। यह परंपरा इस बात का संकेत है कि हमारे पूर्वज मौसम के अनुसार खानपान में बदलाव को कितना महत्व देते थे।



## परंपरा में छिपा स्वास्थ्य का संदेश

सत्तू बाई अमावस्या हमें यह सिखाती है कि प्रकृति के अनुरूप खानपान अपनाना ही स्वस्थ जीवन का आधार है। सत्तू लस्सी जैसी पारंपरिक रेसिपी न केवल शरीर को गर्मी से बचाती है, बल्कि हमें अपनी जड़ों से भी जोड़ती है। आज के आधुनिक दौर में, जब लोग हेल्दी विकल्पों की तलाश में हैं, सत्तू एक ऐसा पारंपरिक सुपरफूड है, जो स्वाद, पोषण और परंपरा तीनों का बेहतरीन संतुलन प्रस्तुत करता है।

अनोखा जीव

# 10 आंखें और 100 दांत, काटे तो नहीं होता दर्द



दुनिया में कई अनोखे जीव पाए जाते हैं। इन्हीं में एक है जोंक। यह एक ऐसा जीव है, जिसे देखकर अधिकांश लोगों के मन में डर या घृणा पैदा होती है, लेकिन इसके भीतर छिपे वैज्ञानिक और चिकित्सकीय गुण इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बना देते हैं। जल और नम स्थानों में पाए जाने वाले इस जीव की संरचना और कार्यप्रणाली बेहद रोचक है।

## क्यों है जोंक उपयोगी

जोंक न केवल रक्त को पतला करती है, बल्कि यह संक्रमण को भी कम करने में मदद करती है। इसके लार में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो घाव को जल्दी भरने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, यह सूजन को कम करने और रक्त प्रवाह को संतुलित करने में भी मदद करती है। आज के समय में जब आधुनिक तकनीकें तेजी से विकसित हो रही हैं, तब भी जोंक का उपयोग चिकित्सा में एक प्राकृतिक और प्रभावी विकल्प के रूप में बना हुआ है।



## काटने पर क्यों नहीं होता दर्द?

जोंक के काटने का तरीका भी काफी अनोखा होता है। जब यह किसी जीव की त्वचा पर चिपकती है और काटती है, तो यह एक विशेष प्रकार का रसायन (केमिकल) छोड़ती है। इस रसायन में एनेस्थेटिक गुण होते हैं, यानी यह दर्द को महसूस नहीं होने देता। यही कारण है कि जब जोंक काटती है, तो ज्यादातर लोगों को तुरंत इसका एहसास नहीं होता।

## चिकित्सा में उपयोग

जोंक का उपयोग चिकित्सा के क्षेत्र में हजारों वर्षों से किया जा रहा है। प्राचीन मिस्र, ग्रीस और भारत में इसे रक्तस्राव की विधि के रूप में अपनाया जाता था। माना जाता था कि शरीर से 'दूषित रक्त' निकालने से कई बीमारियां ठीक हो सकती हैं। आधुनिक चिकित्सा में भी जोंक का महत्व बना हुआ है, जिसे हिरूडोथेरेपी कहा जाता है। जोंक के लार में पाया जाने वाला 'हिरूडिन' नामक तत्व रक्त को जमने से रोकता है। इसीलिए इसका उपयोग प्लास्टिक सर्जरी, त्वचा प्रत्यारोपण और रक्त संचार सुधारने में किया जाता है।

## दांत और आंखें: सूक्ष्म लेकिन प्रभावशाली अंग

जोंक के मुंह के अंदर तीन छोटे जबड़े होते हैं, जिन पर लगभग 100 के आसपास सूक्ष्म दांत होते हैं। ये दांत त्वचा को काटकर रक्त चूसने में सहायक होते हैं। खास बात यह है कि जोंक के काटने पर दर्द नहीं होता है, क्योंकि यह एक विशेष एंजाइम छोड़ती है, जो दर्द को कम कर देता है। जहां तक आंखों की बात है, तो इसकी सामान्यतः 5 जोड़ी यानी कुल 10 आंखें होती हैं। हालांकि ये आंखें स्पष्ट चित्र नहीं देख पातीं, बल्कि केवल प्रकाश और अंधकार का अंतर समझने में सक्षम होती हैं।

## शारीरिक संरचना

जोंक का शरीर लंबा, चपटा और खंडों में विभाजित होता है। यह प्रायः 34 खंडों से मिलकर बना होता है। इसके शरीर के दोनों सिरों पर चूषक होते हैं एक आगे और एक पीछे। आगे का चूषक भोजन ग्रहण करने के लिए और पीछे का चूषक शरीर को स्थिर रखने के लिए उपयोग होता है। इसकी त्वचा पतली और लचीली होती है, जिससे यह आसानी से सिकुड़ और फैल सकती है।

# प्रफुल्ल हिंगे ने आईपीएल में रचा इतिहास

● शोएब अख्तर समेत 8 खिलाड़ियों की बराबरी की



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी प्लेइंग 11 में प्रफुल्ल हिंगे को शामिल किया। प्रफुल्ल ने अपने डेब्यू मैच में ही फिर वो कमाल कर दिया और आईपीएल इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था। यही नहीं प्रफुल्ल ने शोएब अख्तर समेत 4 खिलाड़ियों की बराबरी भी कर ली।

## प्रफुल्ल ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए

प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान के खिलाफ पारी के पहले ही ओवर में 3 विकेट झटके और आईपीएल इतिहास में बतौर डेब्यूटेंट पहले ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। प्रफुल्ल ने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को आउट कर राजस्थान को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया। ये तीनों बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। प्रफुल्ल की गेंदबाजी का इन सभी बल्लेबाजों को पास कोई जवाब नहीं था और सबने उनके सामने सरेंडर कर दिया। प्रफुल्ल ने इस लीग में 1191 मैचों के बाद पहले ओवर में 3 विकेट लेने का कमाल किया।

### पहली पारी में 4 विकेट

| | |
|---|---|
| 2026 | प्रफुल हिंगे |
| 2025 | अश्विनी कुमार |
| 2019 | अल्जारी जोसेफ |
| 2017 | एंड्रयू टे |
| 2015 | डेविड वाइज |
| 2012 | केवोन कूपर |
| 2011 | पॉल वाल्थाटी |
| 2009 | शादाब जकाती |
| 2008 | शोएब अख्तर |

# पिता करते थे मजदूरी, मां ने गहने बेच कर दिलाए थे जूते

● साकिब हुसैन आईपीएल में यादगार डेब्यू की दास्तां



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का 21वां मैच पूरी तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के नाम रहा। इस मुकाबले में हैदराबाद की टीम ने दोनों विभाग में लगातार चार मैच जीतकर आई राजस्थान रॉयल्स की टीम को पीट दिया। इसका सबसे बड़ा श्रेय जाता है, सनराइजर्स के दो डेब्यूटेंट भारतीय तेज गेंदबाजों को। अभी तक इस सीजन बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी, मुकुल चौधरी, समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने कमाल किया था। अब गेंदबाजी में भी भारत का युवा टैलेंट सामने आ गया है। यह दो नाम हैं प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन के।

### 30 लाख में खरीदे साकिब

साकिब हुसैन का जन्म बिहार के गोपालगंज में हुआ था। यह खिलाड़ी आईपीएल में नया नहीं है लेकिन बस खेलने पहली बार उतरा। इससे पहले 2024 में केकेआर के लिए इस खिलाड़ी को स्क्वाड में जगह मिली थी। मगर कोलकाता के लिए यह खिलाड़ी खेल नहीं पाया। उसके बाद आईपीएल 2026 के ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख के बेस प्राइस पर 21 साल के पेसर को खरीदा। यह फैसला सही था, इसे साकिब ने अपने यादगार डेब्यू से साबित किया।

# चेन्नई के मैचों का बदला कार्यक्रम



## सीजन के बीच क्यों बदल दिए गए वेन्यू?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के बीच सीजन ही चेन्नई सुपर किंग्स के दो मैचों का कार्यक्रम बदल गया है। आईपीएल द्वारा सोमवार 13 अप्रैल इसकी जानकारी देते हुए रिलीज जारी की गई है। इसके मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले दोनों मैचों के वेन्यू बदल दिए गए हैं। दरअसल दोनों टीमों के बीच होने वाले इस सीजन दोनों मैचों के वेन्यू में अदला-बदली हुई है।

## कौन से दो मैचों का बदला कार्यक्रम?

26 अप्रैल को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाला दोपहर का मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना था। अब इस मैच का वेन्यू अहमदाबाद से बदलते हुए चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है। यह मुकाबला अब चेन्नई में दोपहर 3.30 बजे (IST) से खेला जाएगा। वहीं इन दोनों टीमों के बीच होने वाले सीजन के दूसरे मुकाबले में भी बदलाव हुआ है। यह मैच 21 मई 2026 को होना है और यह शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

# वैभव दे सकते है टीम इंडिया में दस्तक



बनेंगे भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

## आयरलैंड टी- 20 दौरे के लिए चयन लगभग तय

**नई दिल्ली।** जून 2026 में भारत के आयरलैंड दौरे के लिए वैभव सूर्यवंशी के चुने जाने की संभावना है। यदि वह चुने गए तो देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनेंगे। इंडियन एक्सप्रेस को मिली जानकारी के अनुसार, चयनकर्ता 15 साल के इस खिलाड़ी को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से ठीक पहले होने वाली इस छोटी T20I सीरीज में बड़ा मौका दे सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने इसकी पुष्टि की। सूत्र ने बताया, ''वह आयरलैंड दौरे के लिए दावेदारों में शामिल है और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उसका नाम भी शॉर्टलिस्ट किया है।''

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले सीजन दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी। इस साल भी वह उसी लय में खेल रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन अब तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 26 गेंदों में 78 रन, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 14 गेंदों में 39 रन बनाए हैं। वह बड़े नामों से बिल्कुल भी घबराते हुए नहीं दिखते। उन्होंने जसप्रीत बुमराह (जिन्हें पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा था) और जोश हेज़लवुड जैसे गेंदबाजों का भी पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना किया।

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुने जा सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

राष्ट्रीय चयनकर्ता इस युवा खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल करने के लिए ज्यादा इंतजार करने के मूड में नहीं हैं, लेकिन संभावना है कि वे उसे थोड़ी कमजोर टीम के खिलाफ खेलने का मौका देंगे। अगर वैभव सूर्यवंशी का शानदार रन बनाने का सिलसिला जारी रहता है तो चयन समिति उसे आयरलैंड में होने वाली आगामी सीरीज के साथ-साथ इस साल के अंत में होने वाले जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुनेगी। यहां तक कि भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से कहा है कि वे देर न करें और वैभव सूर्यवंशी को तुरंत टीम में चुन लें। सचिन तेंदुलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष क्रिकेटर हैं। सचिन तेंदुलकर ने 1989 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू 16 साल और 205 दिन की उम्र में किया था।

## वैभव तोड़ सकते हैं शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड

पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों की बात करें तो शेफाली वर्मा भारत के लिए खेलने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। शेफाली ने 15 साल, सात महीने और 27 दिन की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। अगर वैभव सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे पर खेलते हैं तो वह शेफाली का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। भारत बनाम आयरलैंड टी20 इंटरनेशल सीरीज के दो मैच 26 और 28 जून 2026 को होने हैं। पता चला है कि IPL 2026 के खत्म होने के एक महीने से भी कम समय के भीतर होने वाली इस सीरीज के लिए दूसरी श्रेणी की टीम चुनी जाएगी। चयन समिति वैभव सूर्यवंशी और हाल के समय में अपनी छाप छोड़ने वाले अन्य खिलाड़ियों को इस सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव देने के लिए उत्सुक है। आयरलैंड सीरीज के बाद इंग्लैंड का दौरा होगा। एक जुलाई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे पर भारत पांच T20 और तीन ODI मैच खेलेगा। इन दोनों सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के लौटने की उम्मीद है। बल्लेबाजी के



अपने तरीके के बारे में बताते हुए वैभव सूर्यवंशी कह चुके हैं कि वह कभी भी अपने सामने गेंदबाज के बारे में नहीं सोचते, बल्कि उस गेंद के बारे में सोचते हैं जो उनकी तरफ आ रही होती है।

# सचिन का रिकॉर्ड क्लासेन ने तोड़ा

## आईपीएल में पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बैटर हेनरिक क्लासेन आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अर्धशतक से चूक गए, लेकिन अपनी टीम के लिए 26 गेंदों पर 40 रन की अहम पारी खेली और इस दौरान 3 छक्के व एक चौका भी लगाया। क्लासेन ने अपनी इस पारी के दम पर सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**हेनरिक क्लासेन ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड–** क्लासेन ने राजस्थान के खिलाफ 40 रन की पारी खेली और आईपीएल की पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वो छठे नंबर पर आ गए। क्लासेन ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जो 1683 रन के साथ पहले छठे नंबर पर थे, लेकिन अब वो 7वें नंबर पर आ गए। इस लीग में पहले 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं जिन्होंने 2236 रन बनाए थे जबकि दूसरे नंबर पर शॉन मार्श 1933 रन के साथ मौजूद हैं। तीसरे नंबर पर माइक हसी हैं जिन्होंने 1777 रन बनाए थे जबकि चौथे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ 1771 रन बनाए हैं।



### पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

● 2236 रन : क्रिस गेल ● 1933 रन : शॉन मार्श ● 1777 रन : माइक हसी ● 1771 रन : ऋतुराज गायकवाड़ ● 1725 रन : शेन वॉटसन ● 1704 रन : हेनरिक क्लासेन ● 1683 रन : सचिन तेंदुलकर



# 8 चौके, 6 छक्के

## इशान किशन ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से ठोके 91 रन

### फिर भी बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान इशान किशन ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और 44 गेंद पर 91 रन ठोके। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और छह छक्के लगाए और 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन ठोके, लेकिन इस मैच में वह शतक से चूक गए। इशान बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 9 रन पीछे रह गए अपने शतक से। उन्होंने इस बेहतरीन पारी के बावजूद हैदराबाद के लिए एक अनचाहे रिकॉर्ड की लिस्ट में एंट्री कर ली है। इशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 90s में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में तीन बार डेविड वॉर्नर और एक बार जॉनी बेयरस्टो का नाम दर्ज है।

# 20 अप्रैल से अमेरिका का दौरा करेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल, नए टैरिफ और जांच पर होगी चर्चा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने जा रही है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय वार्ताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल आगामी 20 से 22 अप्रैल 2026 तक अमेरिका का दौरा करेगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए नए आयात शुल्क (टैरिफ) और व्यापारिक जांच से जुड़े घटनाक्रमों के बीच इस आगामी बैठक को व्यापार जगत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



इस साल की शुरूआत में दोनों देशों के बीच व्यापारिक मोर्चे पर कई बड़े फैसले देखने को मिले हैं। 2 फरवरी 2026 को भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके कुछ ही दिनों बाद, 7 फरवरी 2026 को दोनों देशों ने इस विषय पर एक संयुक्त बयान भी जारी किया था। इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए, अमेरिका ने 7 फरवरी को 25 प्रतिशत के अतिरिक्त यथामूल्य टैरिफ को हटा लिया था, जो कि भारतीय व्यापार के लिए एक बड़ी राहत थी। इसके अतिरिक्त, 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले ने पारस्परिक टैरिफ को पूरी तरह से अमान्य कर दिया। हालांकि, इस फैसले के तहत धारा 232 वाले टैरिफ और इससे जुड़ी छूट पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

इन सकारात्मक व्यापारिक कदमों के बीच, अमेरिकी सरकार के कुछ नए फैसलों ने नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। 24 फरवरी 2026 से अमेरिकी सरकार ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत एक कार्यकारी आदेश लागू किया है। इस आदेश के माध्यम से अमेरिका ने सभी देशों से आने वाले कुछ चुनिंदा उत्पादों पर 10 प्रतिशत का नया टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ ही, अमेरिका ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत दो नई वैश्विक जांच भी शुरू कर दी हैं, जिनका सीधा प्रभाव भारतीय निर्यात पर भी पड़ सकता है:

# अक्षय तृतीया से पहले सर्राफा बाजार में तेजी, चांदी 11800 चढ़ी, सोना 1.58 लाख रुपये पार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** आगामी 19 अप्रैल को मनाए जाने वाले शुभ पर्व अक्षय तृतीया से ठीक पहले भारतीय सर्राफा बाजार रौनक दिखी। आभूषण निमार्ताओं और स्टॉकिस्टों की ओर से हो रही मजबूत खरीदारी के दम पर बुधवार को दिल्ली के सरार्फा बाजार में कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुएं खरीदने के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है।

अखिल भारतीय सरार्फा संघ के आंकड़ों के अनुसार, सफेद धातु यानी चांदी की कीमतों में 11,800 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा उछाल आया है। 4.81 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ चांदी सोमवार के 2,45,200 रुपये के बंद स्तर मजबूत होकर अब 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। मंगलवार को आधिकारिक छुट्टी के कारण सरार्फा बाजार में कारोबार बंद था।

चांदी की तरह ही पीली धातु में भी तेजी का रुख कायम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगभग 2 प्रतिशत या 3,000 रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। इस वृद्धि के बाद सोने का भाव 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया है, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर टिका हुआ था। बाजार के जानकारों और व्यापारियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि कीमतों में आई यह भारी तेजी त्योहार से पहले खुदरा मांग के मजबूत रहने की उम्मीदों का ही परिणाम है।

# लकड़कट्टे ने आम के बाग में आम के हरे-भरे पेड़ों पर चलाया आरा

**सामाजिक वानिकी की टीम ने पहुंचकर रुकवाया कटान, मची खलबली ,दिन-दहाड़े पेड़ों का कटान होने से वन विभाग के जिम्मेदारों पर भी उठ रहे सवाल**



सामाजिक वानिकी की टीम ने पहुंचकर पेड़ स्वामी से जानकारी कर कटान रुकवा दिया



गांव कढ़ेया कनपारा में वन विभाग की मिलीभगत से हरे-भरे पेड़ों का सफाया कर दिया गया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर, पीलीभीत।** कलमी पेड़ों के पातन की परमिट की आड़ में लकड़कट्टे ने वन विभाग के जिम्मेदारों से मिलीभगत कर प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों का भी सफाया कर दिया। दिन दहाड़े 20 आम के हरे-भरे पेड़ों के अलावा कटहल व रोहनी के पेड़ भी काट डाले। सूचना पर पहुंची सामाजिक वानिकी की टीम ने कटान रुकवा दिया और लकड़कट्टे से दस्तावेज तलब किए। इससे लकड़ी ठेकेदार में खलबली मच गई। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और धरा को हरा-भरा रखने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन हरियाली के संरक्षण का जिम्मा संभालने वाले कुछ जिम्मेदार ही लकड़कट्टों से मिलीभगत कर हरियाली का सफाया कराने में लगे हैं। पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में आए दिन हरे-भरे पेड़ों के कटान संबंधि तमामले आ रहे हैं। बुधवार घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढ़ैया कनपारा में लकड़ी ठेकेदार के वन विभाग के कुछ जिम्मेदारों से मिलीभगत के बाद आम के हरे भरे पेड़ों पर आरा चला दिया। हाईवे से सटे बाग में दिनदहाड़े आम के पेड़ों के कटान की जानकारी से खलबली मच गई। ठेकेदार ने कलमी पेड़ों के परमिट पर प्रतिबंधित प्रजाति के भी हरे-भरे पेड़ों को काट डाला। बाग में करीब 20 आम, दो रोहनी, एक कटहल के पेड़ का सफाया कर दिया। इसके बाद लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरने की जुगत लकड़कट्टा लग गया। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने पेड़ों के कटान की सूचना सामाजिक वानिकी डीएफओ डॉ भरत कुमार डीके और रेंजर पूरनपुर सोवरन लाल को दे दी। जानकारी पर वन दरोगा सिद्धार्थ मिश्रा, राजेन्द्र कुमार टीम के साथ मौके पर पंहुच गए। टीम को देख ठेकेदार मौके से फरार हो गया। वन दरोगा ने पेंड स्वामी से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। हालांकि जांच पूरी होने तक पेंडो के कटान व काटे गए पेड़ों के उठान पर रोक लगा दी गई है।

## वन विभाग ने अप्रैल माह में दे दी पातन अनुमति, उठे सवाल

कलमी पेड़ों के पातन की अनुमति लेकर और बगैर निकासी के ही लकड़ी ठेकेदार ने वन विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर प्रतिबंधित पेड़ों का भी सफाया कर दिया। बताते हैं कि कार्रवाई से बचने के लिए अप्रैल माह में आम के पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके वन विभाग के अधिकारियों ने पातन अनुमति कैसे दे दी। मामले की सही से जांच हो तो वन विभाग के जिम्मेदारों का भी फंसना तय है। ऐसा लोगों का कहना है।

कढ़ेया कनपारा में आम के बाग में खड़े रोगग्रस्त कलमी पेड़ों के कटान के लिए ठेकेदार के पास परमिट है। निकाली का आवेदन उसने किया है। प्रतिबंधित आम के पेड़ों के कटान की सूचना पर टीम मौके पर भेजी गई। पेड़ों के कटान का कार्य रुकवा दिया गया है। लकड़ी ठेकेदार और बाग स्वामी से कटान के संबंध में जानकारी की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**सोवरन लाल**
**रेंजर, सामाजिक वानिकी पूरनपुर।**

# माधोटांडा में गोमती पुनरोद्धार अभियान का शुभारंभ



गोमती नदी के पुनरोद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक बाबूराम पासवान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**माधोटांडा, पीलीभीत।** वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर अभियान के तहत गोमती नदी के पुनरोद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। फुलहर स्थित गोमती उद्गम स्थल पर हवन-पूजन के बाद विधायक ने श्रमदान कर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान नदी की सफाई एवं संरक्षण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी परमेश कुमार, बीडीओ हेमंत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

# मरौरी में नारी बंधन सम्मेलन एवं जिला संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह



मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य को स्मृति चिन्ह देती ब्लॉक प्रमुख

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**गजरौला, पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में विकासखंड मरौरी में नारी बंधन अधिनियम के नियमित नारी बंधन सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक मरौरी प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य भारतीय जनता पार्टी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं विकासखंड मरौरी के प्रांगण में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद के द्वारा आरंभ किया गया जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ब्लॉक प्रमुख मरौरी के द्वारा बताया गया की प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा 33% आरक्षण महिलाओं के लिए लागू किया गया। जिससे महिलाएं ग्राम पंचायत के चुनाव से लेकर संसद तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी उन्होंने बताया की बीजेपी सरकार में महिलाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं और उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी और आत्मनिर्भर बनेगी, भारत देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लिया गया है जिसमें हम सभी लोग पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य करेंगे जिससे प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर बना रहे सम्मेलन में मुख्य अतिथि गोकुल प्रसाद मौर्य जिला अध्यक्ष भाजपा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला महामंत्री मंगली प्रसाद, जिला मंत्री रेनू राज, जिला उपाध्यक्ष रेखा परिहार, जिला मंत्री विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नमन राजपूत, सतपाल, विकास वाल्मीकि, शकुंतला राजपूत, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**गजरौला थाना क्षेत्र के जरा चौकी के पास हादसा, मृतक की पहचान 35 वर्षीय वीर सिंह के रूप में**



मृतक की बाइक का फोटो

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**गजरौला, पीलीभीत।** थाना गजरौला क्षेत्र में विगत दिवस देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जब जरा चौकी के पास एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक की पहचान बीर सिंह कुशवाह पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम मकरंदपुर, थाना पूरनपुर, जनपद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष थी और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अज्ञात वाहन की पहचान कर उसे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही हादसे के जिम्मेदार वाहन चालक को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह बनी रही और यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहा। पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि के समय वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे इस प्रकार के हादसों की पुनरावृत्ति न हो सके।

# एडीओ ने गेहूं क्रय केंद्रो पर पहुंच कर किया निरीक्षण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बुधवार को घुंघचाई और गोपालपुर के गेहूं क्रय केंद्रों पर एडीओ सहकारिता ने पहुंच कर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने गेंहू क्रय केंद्रो पर तौल, बारदाना आदि व्यवस्था को देखा और दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गेहूं खरीद प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, किसानों के पंजीकरण, भुगतान की स्थिति और रिकॉर्ड संधारण की गहन जांच की गई। मौके पर मौजूद किसानों से उन्होंने वार्ता कर खरीद के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक किसान का गेहूं निर्धारित मानकों के अनुसार खरीदा जाए, तौल पूरी तरह पारदर्शी हो और भुगतान समयबद्ध तरीके से सीधे खातों में पहुंचाया जाए। केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए दिशा निर्देश दिए। केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं किसानों में उम्मीद जगी है कि अब खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी। निरीक्षण कर जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।एडीओ सहकारिता प्रदीप सिंह ने वताया गोपालपुर और घुंघचाई के गेंहू क्रय केंद्रो का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए है। किसानों को कोई समस्या नही होने दी जाएंगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की घटना, परिजनों ने कार्यवाही से किया इंकार**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थिति में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों द्वारा उसे आनन-फानन में सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस कार्यवाही करने से इनकार कर दिया। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव के रहने वाले एक युवक की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। बुधवार को किसी बात पर उसकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी पर परिजनों में खलबली मच गई। तत्काल अचेत महिला को सीएचसी लाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में महिला की मौत हो गई। सूचना पर उसके मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। उन्होंने शव मायके ले जाने की जिद की लेकिन मृतका के ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने। इसपर काफी देकर तक दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। घटना की जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा कार्यवाही कराने से इनकार कर दिया गया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**समाज में छवि धूमिल करने व धमकी देने का भी आरोप**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**माधोटांडा, पीलीभीत।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए समाज में बदनामी करने व परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि करीब छह-सात मह पहले पड़ोस में हुई शादी में एक युवक आया था। आरोप है कि उसने गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया था। लाज के कारण यह बात किसी को नहीं बताई। इससे उसका हौसला बढ़ गया। इसके बाद 23 मार्च को वह किसी कार्य से जा रही थी। आरोप है कि उसी युवक ने रास्ते में फिर हाथ पकड़ लिया और खींचकर ले जाने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि किसी से शिकायत करने पर समाज में बदनाम करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति बाहर रहता है। बदनामी के डर से उसने इतने दिनों तक बात छिपाई रखी। पति के वापस आने पर उसने सारा वाक्या बताया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव नगरिया खुर्दकलां के मिथुन वाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सब्जी की कढ़ाई गिरने मासूम झुलसी, रेफर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** शाहगढ़ बंगला निवासी अरविंद की तीन वर्षीय पुत्री दिपांशी घर में खेलते समय अचानक सब्जी की कढ़ाई पर गिर गई। गर्म सब्जी की कढ़ाई उसके ऊपर गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। इसे देख परिजनों में खरलबली मच गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे लेकिन हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# साठा धान लगाने के लिए खेतों में खड़ी नरई जलाई

**ईएनआई संवाददाता**
**पूरनपुर, पीलीभीत।** साठा धान की बुवाई की तैयारी के लिए नरई जला दी। जिससे खलवली मच गई। सांठा धान लगाने के लिए शासन ने रोक लगा रखी है।उसके वावजूद साठा धान लगाने की तैयारी बडे पैमाने पर की जा रही है। बलरामपुर चौकी क्षेत्र के गांवो में खेतों में साठा धान की बुवाई के लिए खेतो में खडी नरई में आग लगा दी। जिससे खलवली मच गई। लोगों के अनुसार नरई में आग लगाने से आस पास खडी फसलों के जलने की आशंका वनी रहती है। जिससे कभी भी नुकसान उठाना पड सकता है। जिससे ग्रामीण परेशान है।




# चंदिया हजारा में पूरे माह बहेगी हरे कृष्णा नाम जप की बयार

**बांग्ला नव वर्ष के उपलक्ष्य में संकीर्तन एवं प्रभात फेरी निकालने का क्रम शुरू ,हरिनाम संकीर्तन के साथ निकाली गई प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग**



चंदिया हजारा में हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बांग्ला नव वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार से गांव चंदिया हजारा में हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकालने का क्रम शुरू हो गया। सुबह तड़के निकाली गई प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। हरे कृष्णा हरे कृष्णा की गूंज से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रभातफेरी का क्रम पूरे एक माह चलेगा। पूरनपुर व कलीनगर तहसील क्षेत्र में दर्जनभर से अधिक गांव बंगाली बाहुल्य हैं। इन गांव के वाशिंदे पर्वों को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। बंग्ला नव वर्ष के पहले दिन से ही गांव में हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाती है। पूरे माह प्रभात फेरी का क्रम जारी रहता है। इसके बाद अखंड नाम संकीर्तन होता है जिसमें कई राज्यों की टोलियां पहुंचकर हरे रामा, हरे कृष्णा का जप कर संकीर्तन करती हैं। हर साल की तरह इस बार भी गांव चंदिया हजारा में बंग्ला नव वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार से संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकालने का क्रम शुरू हो गया। सुबह के वक्त निकाली गई प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। हनिाम मंदिर से शुरू हुई प्रभातफेरी पूरे गांव की गलियों से होते हुए वापस पहुंचकर समाप्त हुई। मधुर संकीर्तन के साथ निकाली गई प्रभातफेरी से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि पूरे एक माह तक रोजाना तड़के हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद अखंड संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई राज्यों की टोलियां आकर संकीर्तन करेंगी। विशाल भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। पहले दिन निकाली गई प्रभातफेरी में प्रमुख रूप से प्रधान वासुदेव कुंडू, शंकर धाड़ा, विश्वनाथ मंडल, मणीशंकर मंडल, शंकर राय, चंपा कुंडू, शिवप्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# सड़क हादसे में खिरकिया बरगदिया स्कूल के शिक्षक की मौत

**बीती रात पूरनपुर-पीलीभीत हाइवे पर जरा कोठी के पास हुआ हादसा ,पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम, शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** मित्र के घर आयोजित शादी समारोह से वापस घर लौट रहे शिक्षक की बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को शव घर पहुंचा तो पूरा गांव गमगीन हो उठा। शिक्षक की अंतिम यात्रा में पूरनपुर विधायक के पुत्र के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शोक संवेदना व्यक्त की। ब्लाक पूरनपुर के गांव मकरंदपुर एवं वर्तमान में सिरसा चौराहा के पास स्थित नरायनपुर के रहने वाले 38 वर्षीय वीर सिंह कुशवाहा कम्पोजिट विद्यालय खिरकिया बरगदिया में इंचार्ज शिक्षक थे। उनके परिजनों ने बताया कि मंगलवार को वह अपने मित्र के यहां बरखेड़ा में शादी समारोह में गए थे। बाइक से रात में घर वापस आ रहे थे। रात करीब नौ बजे पूरनपुर-पीलीभीत हाइवे पर जरा कोठी में स्थित एक पेट्रोल पंप के पास ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को शिक्षक का शव घर पहुंचते ही परिवार में चीत्कार मच गई। शिक्षक की पत्नी कृष्णा कुशवाहा का रो-रो कर बुरा हाल है। उनकी दो पुत्रियां वैष्णवी कुशवाहा (7) व भूमि कुशवाहा (5) है। वह भी अपने पापा का शव कपड़े में लिपटा देखकर पापा पापा चीख-चीख कर बुला रही थी। इसे देख मौजूद हर किसी की आंख से आंसू निकल रहे थे। शिक्षक की मौत से परिवार व शिक्षक जगत में शोक की लहर छा गई है। शिक्षक के शव का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मकरंदपुर में किया गया। इसमें आसपास के कई गांव के लोग, रिश्तेदार व दर्जनों शिक्षक उनकी अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। विधायक पुत्र रितुराज पासवान, शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार, संतोष कुमार पासवान, विमल कुमार, विजय शर्मा, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, राधाकृष्ण कुशवाहा पूरनलाल, ऋषि सक्सेना, रामआसरे पासवान, जयपाल आदि ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शिक्षक की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। हर कोई उनकी तारीफ करते दिखाई दिया।



मृत शिक्षक का फाइल फोटो और विलाप करते परिजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लेख लेखन अभियान शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** शहर के स्प्रिंगडेल स्कूल से शुरू हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लेख लेखन अभियान। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल का रहना हुआ क इस दौरान जिला संयोजिका ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम हम सभी महिलाओं के लिए एक वरदान की तरह है क्योंकि भारत की बेटियां किसी से पीछे नहीं हैं बस उन्हें आवश्यकता है अवसर की और जब जब भारत की नारियों को अवसर मिला है तब तब रानी लक्ष्मीबाई और कर्नल सोफिया कुरैशी की तरह अपनी हिम्मत और ताकत का लोहा मनवाया है चाहे मैदान युद्ध का ही क्यों न हो क इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लेख लेखन अभियान चलाया जा रहा है जिसके निमित्त जिले भर से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाएं नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बड़े उत्साह के साथ लेख लिख रही हैं क कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक चारु धवन जी,शीतल अवस्थी ,निहारिका अस्थाना ,ज्योति,मेधा सहित अधिक संख्या में महिला उपस्थित रहीं।



स्प्रिगडले स्कूल में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में मौजूद लोग

## सडक हादसे में युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव नबीची निवासी विवेक अपनी वाइक से कसगंजा आया था। वापस लौटने के दौरान बाजार के पास तेज रफ्तार से आ रही बिक्की वाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी टांग टूट गई। टक्कर मारने वाला मौका पाकर भाग निकला। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। घायल पीलीभीत में भर्ती कराया गया है।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी, बदायूं।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। बुद्धवार को आयोजित इस रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना था। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की। यह रैली कालेज परिसर से शुरू होकर गांव की गलियों से गुजरी और वापस विद्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'स्कूल चलो अभियान शिक्षा है हम सब का उजियारा', 'स्कूल चले हम' और 'बेटा बेटी सभी पढ़ाओ' जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि नए सत्र में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए यह जागरूकता रैली आयोजित की गई है। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों को स्कूल भेजने व शत प्रतिशत नामांकन करने की अपील की। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती,रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद मिश्रा,अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।




स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालते छात्र

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**सुरक्षा, कानून और हेल्पलाइन की दी गई जानकारियां**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**कलीनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में कार्यक्रम चलाकर महिलाओं और युवतियों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाकर महिलाओं और युवतियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा कानूनों और आपातकालीन परिस्थितियों में उठाए जाने वाले कदमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या घरेलू हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी गलत गतिविधि का डटकर विरोध करें। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को बताते हुए कहा गया कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने महिलाओं को फोन नम्बर भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया और पुलिस की इस पहल की सराहना की।



कलीनगर क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक करती मिशन शक्ती की टीम

## आईआईटी पास युवक लापता, पुलिस तलाश में जुटी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** नगर के सैयदबाड़ा मोहल्ले से आईआईटी बॉम्बे से इंजीनियरिंग पास कर सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा युवक अचानक लापता हो गया। सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया, वहीं पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तालबीपुर दयूरिया निवासी राकेश वर्मा, जो कि कलान ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी हैं, ने कोतवाली में अपने बेटे अभिनव (अनुभव) वर्मा की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा सोमवार को अचानक घर से गायब हो गया। जानकारी के मुताबिक, जब उसकी मां मीनाक्षी वर्मा ड्यूटी से घर लौटीं तो घर का गेट खुला मिला और बेटा घर पर नहीं था। इसके बाद परिवार ने रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पिता ने पुलिस को बेटे द्वारा लिखा एक पत्र भी सौंपा है, जिसमें पढ़ाई के दबाव का जिक्र किया गया है। परिवार के अनुसार युवक अपना मोबाइल और आधार कार्ड भी घर पर ही छोड़ गया है, जिससे परिवार चिंतित है। घटना की सूचना मिलते ही छोटा भाई अंशुमान, जो कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है, भी घर पहुंच गया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस हर संभव कोशिश में जुटी है, लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है।



# सबा नकवी की गजलें इनसाइड द लेटर्स में शामिल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जिले की प्रतिभाशाली शायरा और चित्रकार सबा नकवी ने साहित्य जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाते हुए एक और उपलब्धि हासिल की है। उनकी गजलें देश के 12 चुनिंदा कवियों के साझा काव्य संग्रह इनसाइड द लेटर्स में प्रकाशित हुई हैं। इस पुस्तक का विमोचन 49वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता बुक फेयर में किया गया, जहां उनकी रचनाओं को विशेष सराहना मिली। सबा नकवी कला और साहित्य दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं। वह पहले ही कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। अब गजल लेखन के माध्यम से भी वह अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उनकी शायरी में जीवन की सच्चाइयों, मोहब्बत, दर्द, ख्वाब, संघर्ष और इंसानी भावनाओं को बेहद सहज और प्रभावशाली अंदाज में पेश किया जाता है, जो पाठकों को सीधे जोड़ने का काम करता है। सबा नकवी प्रसिद्ध चित्रकार और अंतरराष्ट्रीय आर्टिस्ट ग्रुप आर्ट फैमिली के संस्थापक स्वर्गीय मोहम्मद तौकीर की पुत्री हैं। उन्हें कला का यह गुण विरासत में मिला है, जिसे वह निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। परिवार और शहर के लिए यह गौरव का विषय है कि सबा ने कम समय में ही साहित्य और कला दोनों क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित की है। इनसाइड द लेटर्स काव्य संग्रह में बंगला, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के कवियों और शायरों को स्थान दिया गया है, जिसमें सबा नकवी की गजलों को खास तौर पर सराहा गया। उनकी रचनाओं में समाज की झलक, रिश्तों की गहराई और भावनाओं की सादगी साफ दिखाई देती है। सबा की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों और साहित्य प्रेमियों ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# स्मार्ट मीटर से आ रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर कांग्रेस कमेटी तिलहर ने कड़ा विरोध जताते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता(खण्ड) अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल वास्तविक खपत से कई गुना अधिक आ रहे हैं। कई मामलों में बिजली आपूर्ति बंद होने के बावजूद मीटर चालू रहकर बिल बना रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश है। इसके अलावा बिना पूर्व सूचना के बिजली काटे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पोस्टपेड मीटरों को जबरन प्रीपेड में बदल दिया गया है, जो उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि जिन मीटरों को प्रीपेड किया गया है, उन्हें पुनः पोस्टपेड किया जाए और बिलिंग प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए ताकि उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सके। साथ ही, बिना सहमति के मीटर लगाए जाने पर रोक लगाने और उपभोक्ताओं को अपनी पसंद का मीटर चुनने का अधिकार दिए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि 20 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उपभोक्ता एकजुट होकर विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को वापस जमा कर देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस दौरान प्रोफेसर (डॉ.) जाने आलम खान (प्रदेश सचिव, अल्पसंख्यक कांग्रेस उ.प्र. नगर अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी तिलहर) के नेतृत्व में मोहम्मद दानिश शेख, संजय शर्मा, अफजाल हुसैन, नौशाद अली, सुभाष शुक्ला, बाबर, शोएब अहमद, रवि, साद उल्ला खां, मुशीव अहमद, सहित अन्य कार्यकर्ता व उपभोक्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में समस्याओं के समाधान की मांग की।



# जिलाधिकारी ने अटल सहजन वन का किया निरीक्षण, देखरेख के दिए निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भावलखेड़ा ब्लॉक के ग्राम तुर्की खेड़ा में बने अटल सहजन वन का निरीक्षण किया और पौधों की देखरेख व संरक्षण को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहजन के पौधों की बढ़त का जायजा लिया और कहा कि पेड़ों के आसपास की मिट्टी को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कमजोर पौधों को सहारा देने के लिए बांस की डंडियां लगाने और जहां पौधे नहीं उगे हैं वहां दोबारा रोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई के लिए ड्रिप इरिगेशन और सोलर पंप लगाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने वन की स्थिति पर संतोष जताते हुए नियमित देखभाल पर जोर दिया। उन्होंने केयरटेकर कक्ष की पुताई कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने गांव की गौशाला का निरीक्षण किया, जहां साफ-सफाई और व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने गौशाला में दो नए टीन शेड बनाने और पास की चारा भूमि का सॉइल टेस्ट कराने के निर्देश दिए, ताकि वहां वृक्षारोपण किया जा सके। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, अन्य अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौजूद रहे।



# थाना कटरा में अचानक पहुंचे एसपी, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को थाना कटरा का अचानक निरीक्षण किया। एसपी के पहुंचते ही थाने में अफरा-तफरी मच गई और पुलिसकर्मी तुरंत सक्रिय हो गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, बैरक, शौचालय और पेयजल व्यवस्था को देखा और साफ-सफाई व व्यवस्थाएं ठीक रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाना कार्यालय के रजिस्टर, जीडी, बीट बुक और अपराधियों की सूची की जांच की। लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए एसपी ने कहा कि सभी मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए और वांछित अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महिला शिकायतों को गंभीरता से लेने और उनका तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीसीटीएनएस कक्ष में डाटा अपडेट रखने पर जोर दिया। एसपी ने मालखाना, शस्त्रागार और बंदीगृह की भी जांच की और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को नियमित गश्त करने, बैंकों और संवेदनशील स्थानों पर नजर रखने तथा जनता से अच्छा व्यवहार करने को कहा। अंत में एसपी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का जल्द और निष्पक्ष समाधान किया जाए, ताकि लोगों का पुलिस पर भरोसा बना रहे।



## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस बैठक आज, किसान रखें अपनी समस्याएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर महीने होने वाली किसान दिवस बैठक इस बार 16 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक पहले कृषि विज्ञान केंद्र, नियामतपुर में प्रस्तावित थी, लेकिन अब जिलाधिकारी की अनुमति के बाद इसका स्थान बदलकर बिस्मिल (नवीन कलेक्ट्रेट) सभागार कर दिया गया है। बैठक पूर्वाह्न 12 बजे से शुरू होगी। इस बैठक में कृषि से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें कृषि, सिंचाई, ऊर्जा, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना और रेशम विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान किसानों को सरकारी योजनाओं, कृषि उपकरणों पर मिलने वाले अनुदान, लाभार्थियों के चयन, नई तकनीकों और कृषि मेलों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसान अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। जनपद के किसान प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों और संबंधित अधिकारियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।




## स्वामी एजुकेशनल स्कूल का हाईस्कूल रिजल्ट शानदार, सभी छात्र सफल

– जागरण मोर्चा कार्यालय


टॉपर छात्र नितिन प्रजापति


टॉपर छात्रा रिद्मप्रीत कौर

**पूरनपुर।** क्षेत्र के स्वामी एजुकेशनल स्कूल का हाईस्कूल (दसवीं) परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद शानदार रहा। विद्यालय के कुल 113 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए हैं, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम में रिदम प्रीत कौर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशमन प्रीत कौर ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि नितिन प्रजापति ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से उत्साहित विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर खुशी साझा की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया।

# यूपी में बड़ा हादसा: ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत, ट्रैक पर पेशाब कर रहे थे

एजेंसी समाचार

**प्रयागराज।** रेलवे प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही की जा रही है। यात्रियों एवं आमजन से अपील है कि ट्रेन के रुकने की स्थिति में अनावश्यक रूप से ट्रेन से न उतरें और रेलवे ट्रैक पर जाने से बचें।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के करछना थाना क्षेत्र स्थित पचदेवरा गांव के पास बुधवार शाम बड़ा रेल हादसा हो गया। दिल्ली-हावड़ा रूट पर कालका मेल से उतरकर पटरी पर खड़े पांच यात्री पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, कालका मेल में एक यात्री के गिरने के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका गया था। ट्रेन रुकने पर कुछ यात्री नीचे उतर गए और पटरी किनारे खड़े हो गए। इसी दौरान मिजार्पुर की ओर से आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तेज रफ्तार से गुजरी और पांच लोगों को रौंद दिया।

हादसे में फिरोजाबाद जिले के खैरगढ़ थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी 19 वर्षीय आकाश पुत्र गिरिराज की मौत हो गई। वह कोलकाता में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उसके साथ अजय पुत्र मुन्ना पासी निवासी कोलकाता भी सफर कर रहा था। मृतकों में मिजार्पुर निवासी सुनील की भी पहचान हुई है, जबकि दो अन्य की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर रेलवे पुलिस, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक कालका मेल से यात्रा कर रहे थे और ट्रेन रुकने के बाद नीचे उतर गए थे। शुरूआती जांच में लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

# आतंकी कनेक्शन: सऊदी में बैठे आकिब के संपर्क में आए समीर समेत 2 गिरफ्तार, टेलीग्राम से मिलता था ये खतरनाक टास्क

एजेंसी समाचार

**बिजनौर।** देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी सऊदी में बैठे आकिब से जुड़ा है जबकि दूसरा आरोपी किरतपुर में गाड़ी में आग लगाने वाले ग्रुप में शामिल था। आतंकी कनेक्शन के दो अलग अलग मामलों में पुलिस अब तक सात आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

बुधवार को थाना नांगल पुलिस ने समीर उर्फ रुहान निवासी नजीबाबाद और किरतपुर पुलिस ने राजू राम गोदारा निवासी दादूडे वाला जैसलमेर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी समीर इंस्टाग्राम पर की गई उस वीडियो कॉल में शामिल था, जिसमें सऊदी अरब में रहने वाले मेरठ के आकिब ने एके-47 और हैंड ग्रेनेड का प्रदर्शन किया था।

इस वीडियो कॉल में शामिल हुए उवैद और जलाल हैदर को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि सौफतपुर के मैजुल व आकिब के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका था। आकिब के ग्रुप में शामिल आरोपी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने के साथ रेल संचालन से छेड़छाड़ करने की मंशा पाले हुए थे।

उधर बुधवार को किरतपुर पुलिस ने जैसलमेर के राजू राम गोदारा को पकड़ा है, जिसकी गिरफ्तारी किरतपुर में चार मार्च को निमिष रस्तोगी की गाड़ी में धार्मिक चिह्न देखकर आग लगाने वाले मामले में हुई है।

बता दें कि अबूजर ने गाड़ी में आग लगा दी थी। पुलिस ने किरतपुर निवासी अबुजर राईन को 12 मार्च को पकड़ा, जिसने बताया कि मुंबई में रहने वाले मौसेरे भाई जैद निवासी किरतपुर के कहने पर उसने गाड़ी में आग लगाई। आग लगाने के बाद उसने जैद को उक्त फोटो और वीडियो भेज दिए। हिंदू समुदाय के लोगों की संपत्ति या गाड़ी में आग लगाने का टास्क टेलीग्राम ग्रुप पर अबूबकर ने दिया था, जिसके बदले उसे रकम देने की पेशकश भी की गई। पुलिस ने जैद के साथ आरोपी मन्नान निवासी मोहल्ला लुकमानपुरा किरतपुर को गिरफ्तार लिया था।

पुलिस की प्राथमिक जांच में पाकिस्तानी कनेक्शन की बात सामने आ चुकी है। पुलिस को दो पाकिस्तानी नंबर भी मिले हैं, जिनके जरिए अलग अलग ग्रुप को निर्देश मिल रहे थे। इन लोगों का मकसद हिंदुओं के प्रति घृणा फैलाना और उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही रेल नेटवर्क को भी हानि पहुंचाना था।

# प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू, क्या बदला जाएगा स्कूलों का समय? सीएम योगी से दखल देने की मांग

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव करने की मांग की है। संघ ने इसके लिए मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि इस समय में प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों व शिक्षकों को वापस लौटते समय कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में तेज धूप और गर्म हवा के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में विद्यालय का समय सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक किया जाए।



संघ के प्रदेश महासचिव दिलीप चौहान ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए निजी परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में दोपहर में तेज धूप में पैदल या साधारण वाहनों से घर लौटना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो रहा है। दोपहर 12 बजे तक का समय करने से बच्चों की गर्मी से सुरक्षा हो सकेगी।

## भसीन इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10 का शानदार परिणाम घोषित

– जागरण मोर्चा कार्यालय


टॉपर छात्र अधिराज अग्रवाल

**पूरनपुर।** सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिए गए, जिसमें भासिन्स इंटरनेशनल स्कूल, विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के अधीराज अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्रावनी अग्रवाल 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा अधिराज अग्रवाल टॉपर ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। अक्षिता त्रिवेदी ने 86.2 प्रतिशत तथा मनहा फातिमा ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 में लहराया परचम

– जागरण मोर्चा कार्यालय


टॉपर छात्र अनुभव प्रजापति


आरएसआरडी स्कूल में 10वीं परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर खुशियां मनाते बच्चे व स्टाफ

**पूरनपुर।** विद्या भारती द्वारा संचालित एवं सीबीएसई से मान्यता प्राप्त आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कुल 113 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी 113 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय के छात्र अनुभव प्रजापति ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आदित्य ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अरनव पटेल ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पाया। मनस्वी और जिया फातिमा ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं दिव्यांश अवस्थी और पलक वर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पंचम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष गुप्ता, सह प्रबंधक अनुराग गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## विद्या निकेतन स्कूल माधौटांडा का कक्षा 10 का परिणाम घोषित, छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

– जागरण मोर्चा कार्यालय


टॉपर छात्रा निशा राजपूत

**माधौटांडा।** सीबीएसई कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया, जिसमें विद्या निकेतन स्कूल माधौटांडा के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

**विद्यालय** की छात्रा निशा राजपूत ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। अनंत ने 81.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि हरमन प्रीत ने 80.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया। इसके अलावा सतरूप ने 67.4 प्रतिशत और मुनकद ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# सेंट जोसेफ का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

– जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सीबीएसई के दसवीं का नतीजा आज घोषित कर दिया गया है लेकिन इस बार बच्चों को अपने नंबर बढ़ाने का एक मौका और दिया जाएगा। इसलिए अभी के रिजल्ट को फाइनल रिजल्ट नहीं माना जा रहा है। फिर भी नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है यहां पर कुल 120 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। तन्मय अग्रवाल 96.8 परसेंट के साथ पहले, अनुष्का मिश्रा व मोहम्मद उमैर संयुक्त रूप से 96.04% अंक लाकर दूसरे नंबर पर व रिफत मदर 95.2 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में तीसरी पोजीशन पर रही। चौथी पोजीशन पर काव्यांश गुप्ता 94.06%, पांचवीं पोजीशन पर यश गुप्ता व भुवि गुप्ता रहीं।बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रबंधक फादर ग्रेगरी मेस्क्रेनहस और प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन व प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर टेसी, सिस्टर संजना सहित सभी शिक्षक शिक्षकाओं ने बच्चों को बधाई दी। बच्चों का प्रधानाचार्य की ओर से मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर कई अभिभावक भी स्कूल में मिठाई लेकर आए साथ ही बच्चों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अच्छे अंको की बधाई दी।


टॉपर छात्र तन्मय अग्रवाल


सेंट जोसेफ स्कूल में खुशी का इजहार करते छात्रों के साथ शिक्षक

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/* - Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।